शनिवार, 8 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 14 |
| आर्द्रता | 46% |
| सूर्योदय: 6:13 | सूर्यास्त: 17:29 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



देशभर में 14 करोड़ से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर के लिए जांच की गई: नड्डा –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : जब व्यक्ति आंख के बदले कान से देखता है तो रिश्ते विकलांग हो जाते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## आरबीआई ने पांच साल बाद रेपो दर 0.25 प्रतिशत घटाई

### ईएमआई कम होने की उम्मीद

**लगभग पांच साल बाद रेपो दर चौथाई प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत की**

**आरबीआई का अनुमान, अगले वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था**

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू तीन दिन की बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि समिति ने आम सहमति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय किया है। इसके साथ, एमपीसी में अपने रुख को 'तटस्थ' बनाये रखने पर सहमति बनी है। रेपो दर वह प्रमुख ब्याज है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इस दर का उपयोग करता है। रेपो दर अधिक होने का मतलब है कि कर्ज की लागत अधिक होगी। यानी ग्राहकों को



अधिक ब्याज पर कर्ज मिलेगा। वहीं इसके उलट, रेपो दर कम होने से आवास, कार और व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज दर घटने की उम्मीद रहती है। साथ ही रेपो दर बचत और निवेश उत्पादों पर रिटर्न भी तय करती है। उच्च रेपो दर से सावधि जमा और अन्य बचत उत्पादों पर बेहतर रिटर्न मिल सकता है, क्योंकि बैंक जमा को आकर्षित करने के लिए उच्च ब्याज दर की पेशकश करते हैं। दूसरी ओर, कम रेपो दर इन बचत उत्पादों पर अर्जित ब्याज को कम कर सकती हैं। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर करीब दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर थी। पूर्व गवर्नर शक्तिकान्त दास का स्थान लेने वाले मल्होत्रा ने अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जबकि मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है।

## कल्याणी में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, तीन महिला समेत चार की मौत व एक गंभीर

**एक गिरफ्तार, घटनास्थल पर विधायकों पर फूटा गुस्सा, एनआईए जांच की मांग**

- **नवान्न ने डीएम से तलब की रिपोर्ट, मृतक परिवार को वित्तीय मदद की घोषणा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर पटाखे की एक फैक्ट्री, मौत की फैक्ट्री साबित हुई है। नदिया जिले के कल्याणी में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरी फैक्ट्री तहस-नहस हो गई और जले हुए शव चारों ओर बिखरे मिले। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों के नाम भारती चौधरी (60), रुमा सोनार (35), अंजली बिश्वास (60) व उज्वल भुईंया (40) है, जबकि घटना के बाद से उक्त की महिला मालकिन फरार है पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना कल्याणी के रथतला इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री की दीवारें गिर गईं और इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट के बाद भयंकर आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि पटाखे बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिसके कारण यह विस्फोट हुआ। हालांकि, विस्फोट के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मौके पर मौजूद हैं और मलबे में किसी के फंसे होने की संभावना को देखते हुए बचाव अभियान जारी है। खबर के लिखे जाने तक घटनास्थल पर भारी पुलिस बल पहुंच कर हालात को काबू में कर रही थी तो फारेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी। उक्त घटना को लेकर राज्य सचिवालय नवान्न द्वारा जिले के डीएम से रिपार्ट तलब की गई है और पुलिस अधीक्षक भी घटना की जांच कर रहे है। उक्त घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गुस्सा और दहशत है। घनी आबादी के बीच ऐसी पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन फैक्ट्रियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। हादसे के बाद कल्याणी के रथतला इलाके में घटनास्थल पर पहुंचे दो भाजपा के कल्याणी विधनसभा के विधायक अंबिका रॉय और चकदहा विधायक बंकिम घोष को विरोध का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर, तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। वहीं, भाजपा विधायकों घटना की एनआईए जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, विस्फोटस्थल से चार लोगों को जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल (जेएमएम) ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक घायल महिला की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के वरीय सूत्रों ने कहा कि हादसे की जांच चल रही है। इस बात की भी जांच हो रही है कि क्या सभी मृतक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक थे। पुलिस ने कहा कि विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के बाद फैक्ट्री में आग लग गई, जिसे दमकल कर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे में नियंत्रित कर लिया। अधिक जांच की जा रही है।

## नीट-यूजी परीक्षा चार मई को आयोजित की जाएगी

**नयी दिल्ली :** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी चार मई को आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हुई और सात मार्च को समाप्त होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की संख्या के लिहाज से यह देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 24 लाख से ज़्यादा उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट का आयोजन करता है। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं। इनमें से लगभग 56,000 सीटें सरकारी अस्पतालों में और लगभग 52,000 सीटें निजी कॉलेजों में हैं।

## अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले विहिप नेता कामेश्वर चौपाल का निधन

- **मोदी ने जताया शोक**



**नयी दिल्ली/लखनऊ (उप्र) :** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता कामेश्वर चौपाल का बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मीडिया सेंटर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। चौपाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें ''भगवान राम का अनन्य भक्त'' बताया। मोदी ने एक्स' पर लिखा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने लिखा, दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वर जी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा याद किए जाएंगे।

## मवेशी तस्करी मामला : ईडी ने अनुब्रत मंडल की लगभग 26 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने मवेशी तस्करी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल की लगभग 26 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मंडल के खिलाफ 25.86 करोड़ रुपये की बैंक



जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क करने का आदेश जारी किया गया है। ये धनराशि 36 बैंक खातों में जमा है। ईडी ने कहा कि मवेशी तस्करी के गठजोड़ को संरक्षण प्रदान करने से अनुब्रत मंडल को 48.06 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित आय प्राप्त हुई। इसने कहा कि वह अपराध के समय टीएमसी के बीरभूम जिले के अध्यक्ष थे और बीरभूम और आस-पास के जिलों के स्थानीय प्रशासन पर उनका काफी प्रभाव था।

## भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी, अधिकतम शक्ति वाली होगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि भारतीय रेलवे ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित करने के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना पर काम शुरु किया है, जो दुनिया की सबसे लंबी और अधिकतम शक्ति वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी। उच्च सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा, ''भारतीय रेलवे ने प्रायोगिक आधार पर पहली हाइड्रोजन ट्रेन के विकास के लिए डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रेक पर हाइड्रोजन फ्यूल सेल के रेट्रोफिटमेंट (पुनःसंयोजन) द्वारा एक अत्याधुनिक परियोजना



शुरू की है।'' उन्होंने कहा, ''पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित इस ट्रेन के लिए विनिर्देशों को अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा तैयार किया गया है। यह वर्तमान में दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन में से एक होगी। यह दुनिया की अधिकतम शक्ति वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी।'' रेल मंत्री सदस्य अजीत कुमार भुइयां के एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जो हाइड्रोजन संचालित ट्रेन प्रौद्योगिकी के विकास की स्थिति जानना चाहते थे। जवाब में वैष्णव ने यह भी कहा, ''ट्रेन के साथ, हाइड्रोजन को फिर से भरने के लिए एकीकृत हाइड्रोजन उत्पादन-भंडारण-वितरण सुविधा की कल्पना की गई है...।'' उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर आवश्यक सुरक्षा अनुमोदन के लिए पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से आग्रह किया गया है।

## एनसीबी ने नवी मुंबई में 200 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए, चार लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने नवी मुंबई से चार लोगों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ तस्करी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ करने के साथ 200 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी के अनुसार, गिरोह के सदस्य विदेश से इसकी गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं और जब्त किए गए कुछ मादक पदार्थ कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं और अन्य परिवहन संसाधनों से अमेरिका से मंगाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पिछले माह ऑस्ट्रेलिया भेजे जाने वाले एक पार्सल से 200 ग्राम कोकीन जब्त की और नवी मुंबई में मादक पदार्थ के स्रोत का पता लगाकर गिरोह का भंडाफोड़ किया।

## महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके

**महाकुंभ नगर :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित महाकुंभ में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में अब तक डुबकी लगाने वाले साधु-संतों और श्रद्धालुओं, कल्पवासियों की संख्या 40 करोड़ के पार पहुंच गई है। सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, शुक्रवार सुबह तक महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं और अकेले शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। अभी महाकुंभ मेला संपन्न होने में 19 दिन शेष हैं और ऐसे में सरकार का अनुमान है कि डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 करोड़ के पार जा सकता है। तीनों अमृत स्नान



(मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इस भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने 12 फरवरी तक माध्यमिक स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया है ताकि छात्र-छात्राओं को असुविधा न हो।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना आज, आप और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती आज होगी, जिससे यह तय होगा कि आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सत्ता में आएगी या फिर 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा सरकार बनाएगी। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने के बाद कांग्रेस भी इस बार कुछ बढ़त की उम्मीद कर रही है। कई एग्जिट पोल ने भाजपा को आप पर बढ़त दिखाई है, जो 2015 से दिल्ली में सत्ता में है। मतगणना की प्रक्रिया सुबह आठ बजे शुरू होगी और शुरुआती रुझान शुरुआती घंटों से ही आने शुरू हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के लिए बुधवार को 60.54 फीसदी वोट पड़े। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है कि उनकी पार्टी करीब 50 सीटें जीतेगी। वहीं, आप ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए कहा कि वह फिर से सरकार बनाएगी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों और प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित सहायक कर्मचारियों सहित कुल 5,000 कर्मियों को शनिवार को मतगणना के लिए तैनात किया जाएगा। मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल्स) का यादृच्छिक चयन किया जाएगा।

## मंत्रिमंडल ने नये आयकर विधेयक को मंजूरी दी, अगले हफ्ते संसद में होगा पेश

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को नये आयकर विधेयक को मंजूरी दे दी, जो छह दशक पुराने आईटी अधिनियम की जगह लेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नया विधेयक प्रत्यक्ष कर कानून को समझने में आसान बनाने और कोई नया कर बोझ नहीं लगाने की एक कवायद है। इसमें प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने नये आयकर विधेयक को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि नया आयकर विधेयक अब अगले सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा और इसे संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा। संसद के मौजूदा बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को खत्म हो रहा है। सत्र 10 मार्च को फिर शुरू होगा और चार अप्रैल तक चलेगा। नए विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी। छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेने वाला नया आयकर विधेयक प्रत्यक्ष कर कानूनों को पढ़ने-समझने में आसान बनाएगा, अस्पष्टता दूर करेगा और मुकदमेबाजी को कम करेगा। नया अधिनियम उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं।

## राज्यपाल राज्य सरकार को सूचित किए बिना विधेयकों को रोककर नहीं रख सकते: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यदि राज्यपाल विधानसभा में पारित विधेयकों पर राज्य सरकार को कोई सूचना दिए बिना अपनी मंजूरी नहीं देते हैं तो इससे ''गतिरोध'' पैदा हो सकता है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि (विधेयक के) केन्द्रीय कानून से असंगत होने की धारणा के आधार पर अपनी राय बताए बिना विधेयकों को रोककर नहीं रख सकते। पीठ ने



न्यायालय में राज्यपाल का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा, ''यदि राज्यपाल को प्रथम दृष्टया लगता है कि विधेयक में कुछ विरोधाभासी प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं, तो क्या उन्हें इसे राज्य सरकार के संज्ञान में नहीं लाना चाहिए? सरकार से यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह राज्यपाल के मन की बात जान ले? पीठ ने कहा, यदि कोई ऐसी बात थी जिससे राज्यपाल परेशान थे, तो राज्यपाल को इसे तुरंत सरकार के संज्ञान में लाना चाहिए था, जिससे सरकार उक्त विधेयकों पर पुनर्विचार कर सकती थी।'' न्यायालय ने कहा, ''यदि आपका मानना है कि यह विधेयक केंद्रीय कानून के अनुरूप नहीं है, तो आपको सूचित करना होगा। राज्यपाल को कुछ ऐसा कहना होगा कि मैं इस विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ भेज रहा हूं। अन्यथा गतिरोध पैदा हो जाएगा। यदि आप गतिरोध पैदा करते हैं, तो आपको गतिरोध को दूर करना होगा। अटॉर्नी जनरल ने कहा, मंजूरी को रोककर रखने का मतलब स्वीकृति नहीं देना है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपति ने मंजूरी को रोकने का फैसला किया, जैसा कि इन मामलों में राष्ट्रपति द्वारा सूचित किया गया है, तो इसका मतलब था कि विधेयक असंगत थे।



## वास्तविक जीवन में मददगार हो शिक्षा

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी।

वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। निस्संदेह, इसे एक अच्छा संकेत माना जाना चाहिए। लेकिन वास्तव में जरूरत इस बात की है कि छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़ने और जीवन की गणनाओं में उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। निश्चित रूप से ऐसा कोई भी प्रयास नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है, जो व्यावहारिक शिक्षा दिए जाने की जरूरत पर बल देती है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है। जैसा कि शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को तेज गति देने के लिये एक कुशल कार्यबल की नितांत आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा पद्धति समय के साथ कदमताल करेगी। देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिये रोजगारपरक शिक्षा अनिवार्य शर्त है। जिसका आधार व्यावसायिक व गुणात्मक शिक्षा ही हो सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 फरवरी, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष एकादशी, 20:19 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 18:07 तक, योग : वैधृति, 13:57 तक, सूर्योदयः 6:13, सूर्यास्तः 17:29, चन्द्रोदय : 13:21, चन्द्रास्तः 02:38, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 09:03 से 10:27

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन करियर के मामले में बेहद शुभ है। भाग्य आपका साथ देगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लिए दिन करियर में सफलता से भरा होगा। आपको तरक्की प्राप्त होगी और आपके सांसारिक सुखों में भी वृद्धि होगी। शाम को आर्थिक मदद मिल सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को करियर में मेहनत करने से मनचाही सफलजा प्राप्त होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए काम में निवेश से लाभ होगा। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन करियर में लाभदायक है। हर काम में मनचाही सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी और आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों का दिन लाभदायक है। किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। शान-शौकत पर खर्च करेंगे, लेकिन गरीबों की मदद करने से खुशी मिलेगी और पुण्य की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए तरक्की का दिन है। प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। शाम के समय कुछ अनचाहा खर्च आ सकता है, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों को परिश्रम से सफलता मिलेगी और समाज और परिवार से सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे चिंता हो सकती है। लेकिन शाम को कोई खुशखबरी मिल सकती है। सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन लाभदायक है। सामाजिक गतिविधियों में मन लगेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में थोड़ी कमी आ सकती है।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए ग्रहों की स्थिति शुभ है। लाभ और तरक्की के योग हैं। निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और सम्मान बढ़ेगा। कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों का दिन करियर में लाभ और तरक्की वाला है। आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। नई योजनाओं से भविष्य में लाभ होगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मीन :** मीन राशि वालों को सफलता मिलेगी और भाग्य साथ देगा। मानसिक शांति मिलेगी और रुके हुए काम में तरक्की होगी। प्रमोशन के योग हैं। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?



ललित गर्ग

डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमान-जनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर- 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकडे गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए?

'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। 'फोर्ब्स' के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि 'हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है', कि यह 'दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था है'। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है?

क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है।

इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। -लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है। अब उतना ही यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के कारण देश भर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ से दस हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 800 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।

कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। इससे कई छात्र पढ़ाई में पिछड़ने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।

कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 300 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की है। जिनमें कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकते। इसके अलावा न ही वे अच्छी रैंक या अच्छे अंकों की गारंटी दे सकते हैं और न ही गुमराह करने वाले वायदे कर सकते हैं। छात्रों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं, कोचिंग सेंटरों में सुविधाओं का अभाव और उनके पढ़ाने के तौर- तरीकों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने इनकी घोषणा की है। दिशानिर्देशों के अनुसार कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल परीक्षा देने के बाद हो सकेगा।

कोटा में छात्रों की बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं पर राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ द्वारा स्व प्रेरित संज्ञान आधारित याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार की तरफ से कहा गया है कि विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसके लिए एक नया कानून लाया जाएगा। जिससे छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं की घटनाओ पर रोक लगाई जा सकेगी।

सरकार चाहे जितनी कोशिश करे कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक बिना किसी दबाव के पढाई करेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब तक कोटा के हालात नहीं सुधर पायेंगे। कोटा के मौजूदा हालातों के कारण ही यहां कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी होने लगी हैं। जो कोटा शहर की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। -लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

## विदेश की खबरें

### अमेरिका के सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास में कुछ लोगों के अनधिकृत प्रवेश से कानून-व्यवस्था बिगड़ी

**न्यूयॉर्क :** सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि बृहस्पतिवार को उसके परिसर में कुछ व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश के कारण कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई। वाणिज्य दूतावास ने जिन व्यक्तियों का जिक्र किया, उनमें से एक क्षमा सावंत हैं, जिनके 'एक्स' बायो में उल्लेख है कि वह 2014 से 2023 तक सिएटल सिटी काउंसिल की सदस्य रही हैं। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सावंत और उनके साथ एक व्यक्ति यह दावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि उन्हें भारत जाने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने उन्हें अतिक्रमणकारी बताते हुए 'एक्स' पर लिखा, बार-बार अनुरोध के बावजूद, इन व्यक्तियों ने वाणिज्य दूतावास परिसर से बाहर निकलने से इनकार कर दिया और कर्मचारियों से आक्रामक व धमकी भरा व्यवहार किया।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 12 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर :** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। एक बयान में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में पांच-छह फरवरी की दरमियानी रात को चलाया गया जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई है।

### अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों की आलोचना की

**हेग :** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने शुक्रवार को अपने सदस्य देशों से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि यह कदम उसके स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक कार्य को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने प्रतिबंधों के संबंध में बृहस्पतिवार को कार्यकारी आदेश जारी किया। अमेरिका का कहना है कि उसे और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाने वाली अवैध और निराधार कार्रवाइयों के कारण उसने यह कदम उठाया है। इस आदेश में पिछले साल गाजा में कथित युद्ध अपराधों के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट का संदर्भ दिया गया। हेग स्थित न्यायालय

## वर्ग पहेली नं. 2998

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ | 27 | | 28 | 29 |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) कुपरिस्थिति; असमानता, 3) कूटप्रश्न; भूल-भुलैयाँ; *पज़ल*, 6) ग़लती; भूल; हानि, 8) अस्वीकृति, 9) तीव्र इच्छा, 11) सुंदर; प्रेमपात्र, 13) गुदा, 14) गतिविधि; प्रयास; संचलन; चेष्टा, 16) भोर, 18) ऊपर से, 19) कठिन, 20) आदमियों का समूह; भूमिखंड, 21) भेदभावहीनता, 22) सांत्वना, 24) एक पक्षी, 25) एक प्रशंसासूचक शब्द, 27) इरादा, 30) प्रभावशाली, 31) छिलका; त्वचा.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) अधिकतम; विस्तीर्ण, 2) गड़ी नज़र, 3) कुल्हाड़ी, 4) व्यस्त; मग्न, 5) दुरुस्ती, 7) लोकसमूह; *सोसाइटी*, 10) कक्ष, 12) विपत्ति; आपदा; वज्रपात, 15) पास, 17) अगणित, 18) जोरू; स्त्री, 19) किसी देश के राजदूत का कार्यालय, 20) लीन, 21) सिंघाड़े के आकार का एक पकवान, 23) युद्ध, 26) मोहक; अपहर्ता; प्रत्येक, 28) नीरस; जलहीन, 29) छोटा लड़का.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ग्र | ह | ■ | स | ■ | माँ | झी | ■ | क |
| म | ■ | म | न | मा | नी | ■ | ना | का | म |
| ने | व | ला | ■ | प | र | म | ■ | ■ | ज़ो |
| सा | ■ | ■ | म | न | ■ | क | चू | म | र |
| म | क | रं | द | ■ | घू | स | ■ | हे | ■ |
| ने | म | ■ | द | र्रा | ■ | द | ह | श | त |
| ■ | ल | हँ | गा | ■ | के | ■ | क | ■ | र्क |
| ढो | ■ | स | र | जो | र | ■ | ब | ■ | ही |
| ल | गा | ना | ■ | ■ | ल | ड़ | क | प | न |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2958

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | 3 | 2 | | | 5 | | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 1 | |
| 8 | | 9 | | | | | 7 | |
| | | | | 1 | | 3 | | |
| 7 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2957 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |

# 10 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा विधानसभा का बजट सत्र

## सर्वदलीय बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने की घोषणा, 12 फरवरी को पेश होगा राज्य बजट

**10 से 19 फरवरी और 10 से 20 मार्च तक दो चरणों में होगा बजट सत्र**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी को राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। इसके दो दिन बाद यानी 12 फरवरी को राज्य का बजट पेश किया जाएगा। शुक्रवार को विधानसभा में सर्वदलीय बैठक के बाद अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने यह जानकारी दी। हालांकि, राज्य विधानसभा में मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायक हमेशा की तरह सर्वदलीय बैठक से दूर रहे। विधानसभा स्थित अपने कक्ष में बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में अध्यक्ष ने कहा कि बजट सत्र इस साल भी दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण में 10 से 19 फरवरी तक जबकि दूसरे चरण में 10 मार्च से 20 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे से राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत होगी।



उन्होंने बताया कि विधानसभा सचिवालय और संसदीय कार्य विभाग ने पहले ही राजभवन को पत्र भेजकर राज्यपाल को बजट सत्र में अभिभाषण देने के लिए आमंत्रित किया है। फोन पर भी उनसे बात हुई है। राज्यपाल अभिभाषण के लिए विधानसभा आएंगे। अध्यक्ष ने आगे बताया कि अगले दिन 11 फरवरी को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक शोक प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए लाया जाएगा। 12 फरवरी को शाम 4 बजे से बजट पेश किया जाएगा। सर्वदलीय बैठक में भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति को लेकर भी उन्होंने आलोचना की।

**भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति पर बिफरें स्पीकर**

बिमान बनर्जी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक से हमेशा ही भाजपा दूरी रहती है। आज भी इसका उदाहरण देखने को मिला। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बजट सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चले। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बहुत सारे बिल हैं जो इस सत्र में लाए जाएंगे। कौन-कौन से बिल आएंगे, इसके बारे में जानकारी बाद में दी जाएगी। बताते चलें कि ममता सरकार व राजभवन के बीच टकराव की वजह से पिछले साल 2024 में राज्यपाल के अभिभाषण के बिना ही बजट सत्र आयोजित हुआ था।

# राज्यपाल ने तृणमूल विधायक सायंतिका व रेयात को फिर भेजा कानूनी नोटिस

## पिछले साल दोनों विधायकों के शपथ विवाद से जुड़ा है मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विधानसभा चुनाव में अब एक साल का समय बचा है, हालांकि राजभवन और करीब आठ महीने पहले दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीतने वाले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों के बीच कानूनी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। राज्यपाल ने उपचुनाव जीतने वाले दोनों विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर हुए विवाद के मामले में फिर कानूनी नोटिस भेजा है। इनमें मुर्शिदाबाद के भगवानगोला से विधायक रेयात हुसैन सरकार और कोलकाता के बरानगर से विधायक अभिनेत्री सायंतिका बनर्जी हैं। दोनों पर राज्यपाल के निर्देशों की अवहेलना कर शपथ लेने का आरोप है। वहीं, नोटिस मिलने पर दोनों विधायकों ने कहा कि वे इसका जवाब कानूनी माध्यम से देंगे, हालांकि सोमवार से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए अभिभाषण देने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के विधानसभा आने पर वे शिष्टाचार दिखाएंगे। उल्लेखनीय है कि रेयात और



सायंतिका ने पिछले वर्ष जून में उप-चुनाव जीता था। उनके शपथ ग्रहण को लेकर काफी जटिलताएं पैदा हुई थीं। राज्यपाल ने दोनों विधायकों को राजभवन आकर शपथ लेने को कहा था। दोनों ने शपथ के लिए राजभवन जाने से साफ मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि राज्यपाल पर राजभवन की अस्थायी महिला कर्मी द्वारा लगाए गए कथित छेड़छाड़ के आरोप के मद्देनजर वे राजभवन नहीं जाना चाहते। दोनों विधायक राजभवन की बजाय विधानसभा में शपथ की मांग को लेकर विधानसभा परिसर में धरने पर भी बैठ गए थे। अंत में राज्यपाल ने दोनों को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी की बजाय उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को अधिकृत किया, लेकिन उपाध्यक्ष के बजाय विधानसभा अध्यक्ष ने ही दोनों विधायकों को शपथ दिलाई थी। राज्यपाल ने इस कदम को असंवैधानिक करार दिया था। राजभवन से पत्र मिलने के बाद दोनों विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी से इस संबंध में अलग-अलग बात की। कानून मंत्री मलय घटक भी इस दौरान मौजूद थे। बताया जा रहा है कि दोनों विधायक उनकी सलाह मानकर आगे बढ़ेंगे। दोनों विधायकों ने कहा कि उन्होंने अध्यक्ष से बात की है। अध्यक्ष की सलाह के अनुसार कार्रवाई करेंगे। दोनों तृणमूल विधायकों ने दावा किया कि उन्होंने राज्यपाल के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा कि वे इस मामले से मुख्यमंत्री को भी अवगत कराएंगे।

### कस्बा व्यवसायी हत्याकांड मामले में एक और गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में कस्बा व्यापारी हत्याकांड के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक और व्यक्ति, रंजन चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। रंजन की गिरफ्तारी हावड़ा के सांकराइल स्थित उसके घर से सुबह करीब 4.15 बजे हुई। यह मामला पहले से ही विवादास्पद रहा है क्योंकि इसमें पहले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। रंजन, जो पहले फरार था, उसे गुप्त सूत्रों के जरिए पुलिस ने ट्रैक किया। हत्या के तरीके के बारे में सूत्रों ने बताया कि व्यवसायी सोनू राम की कार की सीटबेल्ट से गला घोंटकर हत्या की गई और फिर उनका शव बारुइपुर स्थित नहर में फेंक दिया गया। इस घटना के पीछे मुख्य आरोप यह है कि पैसे के लिए दोस्त का अपहरण कर हत्या की गई। अब तक कुल पांच लोगों पर इस हत्या का आरोप लगा है, जिनमें अनूप मंडल भी शामिल है।

# बजट 'बंगाल विरोधी' है, लोगों को 'मां सीता की तरह' गुमराह किया गया : अभिषेक बनर्जी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्रीय बजट को 'बंगाल विरोधी बजट' करार दिया और आरोप लगाया कि इस सरकार ने अर्थव्यवस्था को सांठगांठ वाले पूंजीवाद के रावण को सौंप दिया है तथा सीता माता की तरह देश के आम आदमी को गुमराह किया है। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल की न सिर्फ उपेक्षा की है, बल्कि राज्य के विकास को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा रिवर्स रॉबिनहुड की महारथी है जो गरीबों



से लेकर अमीरों को देती है। अभिषेक ने कहा कि सरकार अधूरे संघवाद पर अमल कर रही है क्योंकि बिहार को देती है और पश्चिम बंगाल की उपेक्षा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'बांग्ला विरोधी बजट' है और इसमें पश्चिम बंगाल के विकास और समृद्धि को रोकने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि आयकर में राहत देने की बात की गई है ताकि आम आदमी का ध्यान खींचा जा सके, लेकिन अप्रत्यक्ष कर, योजनाओं में कटौती और कॉरपोरेट पर मेहरबानी की गई। उन्होंने दावा किया कि मां सीता को हरण के समय गुमराह किया गया था उसी तरह आम आदमी को गुमराह करके वित्तीय स्थिरता से वित्तीय परेशानियों की तरफ खींच लिया गया है। तृणमूल नेता ने आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था को 'क्रोनी कैपिटलिज्म' के रावण को सौंप दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि राजग सरकार अधूरे सच का बेहतरीन उदाहरण है। किसानों की आय दो-गुना करने का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ, आवास पूरे नहीं बने और दूसरे वादे भी अधूरे रहे, अधूरे एजेंडा को प्रोपेगेंडा की तरह पेश किया गया है। तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया कि लोगों के साथ विश्वासघात किया गया है। तृणमूल महासचिव ने कहा कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी की मांग पर बजट में कुछ नहीं किया गया और कृषकों को कोई राहत नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि इस सरकार ने भूख की मार झेल रहे बच्चों के कल्याण में निवेश के बजाय सुर्खियां बनाने में निवेश किया।

### न्यूटाउन में जंगल से युवती का अर्धनग्न शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यूटाउन थाना इलाके में शुक्रवार को एक युवती का अर्धनग्न शव बरामद हुआ। प्राथमिक जांच के आधार पर आशंका है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या का मामला बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में न्यूटाउन के लोहा ब्रिज के पास जब कुछ लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो उन्हें झाड़ियों में युवती का शव पड़ा मिला। उन्होंने तुरंत न्यूटाउन थाने को सूचित किया। इस खबर को लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के वीडियो फुटेज को खंगाला जा रहा है। यह पता लगाने की भी कोशिश की जा रही है कि वारदात को उसी जगह पर अंजाम दिया गया था या किसी दूसरी जगह दुष्कर्म और हत्या के बाद शव को वहां लाकर फेंका गया है। मृतका की शिनाख्त करने के लिए आसपास के थानों से संपर्क करके वहां युवतियों के गुमशुदा होने को लेकर दर्ज कराई गई शिकायतों पर भी नजर दौड़ाई जा रही है।

### तेहट्ट में एसआई ऑफिस के पीछे से अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के तेहट्ट में शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। पता चला है कि पुलिस ने यह शव को एसआई कार्यालय के पीछे जंगल से बरामद किया। इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि यह हत्या थी या आत्महत्या। इस बात को लेकर भी संशय है कि शव वहां कैसे पहुंचा। शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में तनाव फैल गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, दोपहर में बेताई सिविलगंज गांव में क्षेत्र के बच्चे खेलते-खेलते जंगल में चले गए। बच्चों ने वहां शव पड़ा देखा। पहले तो उन्हें लगा कि कोई सो रहा है। जब वे पास पहुंचे तो उन्हें सड़न की गंध महसूस हुई और उन्होंने इसकी सूचना बुजुर्गों को दी। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया। हालांकि, मौत के कारण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि युवक की मौत कुछ दिन पहले हुई है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक युवक का नाम ज्ञात नहीं हो सका। जांचकर्ता युवक की पहचान निर्धारित करने के लिए आस-पास के पुलिस स्टेशनों से संपर्क कर रहे हैं। युवक की मौत कैसे हुई, यह तो प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**Notice Inviting e-Tender**
**Ref e-NIT No.: 2025_ZPHD_812593_1.**
An e-Tender **(Notice Memo No.- 109, Date: 07.02.2025)** containing One number of scheme for construction work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 1.20000 lakhs. Fund- SBM (G) & 15th CFC (Tied Grant) 2024-25.**
Bid Submission End on: **18.02.2025 at 04:00 PM.**
Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**
Please look for details in the undersigned office notice board.
**Sd/-**
**Executive Officer**
**Kalna-II Panchayat Samity**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

# कोलकाता में एसटीएफ ने तीन आरोपियों को हथियारों के साथ पकड़ा

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बड़ाबाजार थाना पुलिस के साथ मिल कर शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े 7 बजे बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के चितपुर मोड़ के पास से तीन लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक 9एमएम और एक 7एमएम पिस्तौल, 17 राउंड गोलियां और 2 अतिरिक्त मैग्जीन बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के नाम मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार और संतोष सहानी हैं। तीनों अभियुक्त उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस को शक है कि इनका संबंध किसी बड़े आपराधिक गिरोह से हो सकता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एसटीएफ को पहले से ही सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश नंबर



प्लेट वाली एक कार में कुछ संदिग्ध लोग अवैध हथियार लेकर शहर में आए हैं।

इसके बाद एसटीएफ ने इनका पीछा किया और चितपुर मोड़ के पास कार को रोका। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उन्हें कार के बोनट में लगे एयर फिल्टर में छिपाकर रखा गया हथियार मिला। एसटीएफ ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार कहां से आए और इनका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था। एसटीएफ आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

### सीएपीएफ भर्ती घोटाला : जमानत खारिज, महेश चौधरी को 21 फरवरी तक सीबीआई हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने भर्ती घोटाले को लेकर बड़ी चिंता व्यक्त की है। यह आशंका जताई जा रही है कि इस घोटाले में विदेशी नागरिकों ने भी शामिल होकर नौकरियां प्राप्त की हैं। इस घोटाले में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन हुआ है। दो दिन की हिरासत के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार महेश चौधरी को अलिपुर की विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया। दोनों पक्षों के तर्क-वितर्क के बाद जज सुजीत कुमार झा ने उसकी जमानत खारिज कर दी और 21 फरवरी तक महेश चौधरी को फिर से हिरासत में भेजने का आदेश दिया। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान महेश के वकील दिव्येंदु भट्टाचार्य ने कहा, मेरे मुवक्किल पर जो आरोप लगाए गए हैं, वे जांच से मेल नहीं खाते। सीबीआई ने पाक नागरिकों के लाभान्वित होने का दावा किया है, लेकिन अब तक वे ऐसा कोई पाक नागरिक का नाम नहीं दे पाए, जो कार्यरत हो। उन्होंने डोमिसिल सर्टिफिकेट के मुद्दे पर भी सवाल उठाया, यह सर्टिफिकेट जिला कलेक्टर या एसडीओ द्वारा जारी किया जाता है। वहीं, सीबीआई का कहना है कि महेश चौधरी ने डोमिसिल सर्टिफिकेट फर्जी तरीके से तैयार किया और सरकारी कर्मचारियों के संपर्क से नौकरी दी। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि महेश चौधरी ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसे भ्रमित किया। एजेंसी ने इस घोटाले में विदेशी नागरिकों के शामिल होने का भी उल्लेख किया, जिनमें पाक नागरिकों के अलावा अन्य विदेशी नागरिकों के शामिल होने की संभावना जताई है। इस तर्क और जवाबों के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी गई और महेश चौधरी को 21 तारीख तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-टीआईबी-एनएचटी-24-25, दिनांक: 06.02.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-टीआईबी-एनएचटी-24-25 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची क-हावड़ा मंडल के तहत नलहाटी स्टेशन में सीआईबी, टीआईबी का प्रावधान। अनुसूची ख-हावड़ा मंडल के तहत गुसकरा, प्रांतिक, अहमदपुर, मल्लारपुर स्टेशनों में सीआईबी, टीआईबी का प्रावधान। अनुसूची ग -हावड़ा मंडल के तहत श्रीरामपुर, सेवड़ाफुली, चुचुड़ा, कामारकुंडु स्टेशनों में सीआईबी का प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु.6,66,04,429.26, **बयाना राशि:** रु. 4,83,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 06.02.2025 को 15.49 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 17.02.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.03.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
HWH-586/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

हावड़ा मंडल के विभिन्न खंडों में ट्रैक, ओवरहेड उपकरण और संकेत एवं दूरसंचार रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 09.02.2025 (रविवार)** को **दिन के समय ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: • **दिनांक 09.02.2025 को रद्दगी: कटवा से** - 37748, **बैंडेल से** - 37749। • **दिनांक 09.02.2025 को पुनर्निर्धारित: कटवा से - 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** दोपहर 12.00 बजे के बदले दोपहर **12.15 बजे** पुनर्निर्धारित होगी। **विशेष द्रष्टव्य :** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें और बाद में कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, का मार्ग में उचित रूप से नियंत्रण/मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। असुविधा के लिए खेद है।
**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ममता सरकार को झटका, दोषी को मौत की सजा देने की याचिका खारिज

**❑ हाईकोर्ट ने कहा... 'सीबीआई ही कर सकता है आवेदन'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना में दोषी करार दिए गए कोलकाता पुलिस के सिविक वॉलंटियर संजय राय को फांसी की सजा दिलाने के लिए बंगाल सरकार की ओर से किए गए आवेदन को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति देवांशु बसाक व न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार को उच्चतम सजा के लिए मामला करने का अधिकार नहीं है। खंडपीठ ने आगे कहा कि मामले की जांच कर रही सीबीआई ही एकमात्र इस बाबत मामला कर सकती है। मालूम हो कि सियालदह कोर्ट ने संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने फैसले पर असंतोष जताया था। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट का रूख किया था। इस दिन, आवेदन पर सुनवाई के दौरान सीबीआई के अधिवक्ता ने सवाल किया कि इस मामले से सीधे तौर पर जुड़े तीन पक्षकारों मृतका का परिवार, सीबीआई व दोषी की ओर से हाई कोर्ट का रुख नहीं करने पर राज्य सरकार कैसे आवेदन कर सकती है? मालूम हो कि राज्य सरकार व सीबीआई दोषी के लिए फांसी की सजा चाहती हैं, हालांकि मृतका के माता-पिता ऐसा नहीं चाहते। उनका मानना है कि संजय राय को फांसी पर चढ़ा दिए जाने से अन्य दोषियों का पता नहीं चल पाएगा।

# बांग्ला फिल्म निर्देशकों की हड़ताल से रुकी फिल्मों और शोज की शूटिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली फिल्म के निर्देशकों के संगठन ने हड़ताल शुरू कर दी है। इन दिनों टीवी सीरियल और फिल्मों की शूटिंग तकनीशियनों की भागीदारी न होने की वजह से ठप पड़ी हुई है। बांग्ला फिल्म डायरेक्टर्स संगठन ने गुरुवार की रात से हड़ताल का आह्वान किया है। इसके चलते फिल्मों की शूटिंग में गतिरोध उत्पन्न हो गई है। दरअसल, 'फेडरेशन ऑफ सिने टेक्नीशियन एंड वर्कर्स ऑफ ईस्टर्न इंडिया' के कुछ आदेशों का पालन नहीं करने की वजह से 'डायरेक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के सभी सदस्यों और प्रभावित निर्देशकों ने यह तय किया है कि वह अपने किसी भी प्रोजेक्ट पर काम नहीं करेंगे। जबतक इस समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तबतक वह काम पर नहीं लौटेंगे।



अगर किसी भी डायरेक्टर से समस्या है, तो वह उसपर सीधे तौर पर बात करें। निदेशकों ने महासंघ से उचित स्पष्टीकरण के लिए छह फरवरी की शाम तक इंतजार किया। उन्होंने कहा कि श्रीजीत रॉय, जॉयदीप मुखर्जी, कौशिक गांगुली ने ऐसा क्या कहा कि उन्हें काम करना बंद करना पड़ा? इसके बाद निर्देशकों ने हड़ताल का आह्वान किया है। टॉलीवुड सूत्रों के अनुसार, उद्योग का एक वर्ग इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहा है। पिछले साल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील पर बांग्ला फिल्म निदेशकों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी थी। सूत्रों के अनुसार, हड़ताल के कारण फिल्मों और धारावाहिकों की शूटिंग बाधित हो रही है। इससे पहले डायरेक्टर्स गिल्ड के अध्यक्ष सुब्रत सेन और संपादक सुदेशना रॉय ने घोषणा की थी कि शुक्रवार से निर्देशक फ्लोर पर नहीं जाएंगे। गिल्ड-फेडरेशन ने तीन निर्देशकों कौशिक गांगुली, जॉयदीप मुखर्जी और श्रीजीत रॉय को विवादित कारणों से निलंबित करने के बाद फिर से अपनी आवाज उठाई है। इधर, शुक्रवार की सुबह स्वरूप बिस्वास टॉलीवुड में शूटिंग की स्थिति का जायजा लेने के लिए स्टूडियो पहुंचे। उन्होंने कहा कि निर्देशकों ने बिना किसी चर्चा के हड़ताल का आह्वान किया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/04, दिनांक: 07/02/2025।** "ई" प्राप्ति प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंज़िल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं **दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएंगी। **क्र.सं.; निविदा संख्या; निर्धारित तारीख; संक्षिप्त विवरण; मात्रा** और **जमा बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **1; 65245061**; 04.03.2025; रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिकल संचालित एयर कंप्रेसर 500 सीएफएम (पूर्व बोली बैठक 17.02.2025 को दोपहर 1.00 बजे पीसीएमएम मीटिंग रूम/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डन रीच/कोलकाता-43 में); 02 अदद और ₹1,13,400। **2; 65255002**; 21.02.2025; हॉट एक्सल डिटेक्टर (एचएबीडी); 09 अदद और ₹1,03,500। **3; 75241721**; 03.03.2025; एससीएन कोचों की सीट और बर्थ के लिए 60 किग्रा/क्यूबिक मीटर के घनत्व के साथ डेनसिफाइड थर्मल बॉण्डेड पॉलीएस्टर ब्लॉक आदि; 100 सेट और ₹1,28,450। **4; 65245052**; 13.03.2025; पावर पैक सहित हक बोल्टिंग मशीन आदि (पूर्व बोली बैठक 11.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे पीसीएमएम मीटिंग रूम/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डन रीच/कोलकाता -43 में); 08 अदद और ₹ 1,87,430। **5; 29243676**; 17.02.2025; वाइपर आर्म असेंबली का पूरा सेट (एलएच और आरएच-02 अदद प्रत्येक); 320 सेट और ₹1,13,280। **6; 18245002**; 19.02.2025; रेडिएटर कूलिंग फैन 54"; 08 अदद और ₹1,61,970। **7; 25241184**; 25.02.2025; डब्ल्यूएपी4 लोको के सस्पेंशन स्प्रिंग्स का सेट; 16 सेट और ₹1,54,630। **8; 25243550**; 27.02.2025; पीसी-8 टाइप के कलपुर्जों का सेट; 61 सेट और ₹1,58,180। **9; 29244855**; 17.04.2025; वाइंडिंग वायर फ्लैट Fi Cu FO 13 CR आकार खाली (4.00 मिमी. x 2.00 मिमी.); 4800 किलोग्राम और ₹1,64,770। **10; 38253342**; 27.02.2025; उन्नत एचटीसीबीसी के लिए शैंक वियर प्लेट के साथ कपलर बॉडी; 1500 अदद और ₹12,07,670। **11; आईई255106**; 07.03.2025; एन, ओ और आर टाइप पोर्टल; 70 एमटी और ₹1,29,070। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।
(PR-1110)

# डानकुनी में शूटआउट, बाइक सवार युवक की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के डानकुनी के दिल्ली रोड पर शुक्रवार की शाम एक युवक बंटी साव को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में युवक की मौत हो गई है। लेकिन खबर के लिखे जाने तक पुलिस ने मौत की अधिकारिक बात नहीं की है। गोली लगने के कारण उक्त युवक खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने गोली लगने से घायल युवक को बचाया और उसे श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल में भर्ती कराया। गोलीबारी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गई है। पुलिस ने गोलीबारी की घटना की जांच शुरू कर दी है। खबर के लिखे जाने तक घटनास्थल पर पुलिस मौजूद थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस युवक को गोली है वह डानकुनी के बांदर बील इलाके का निवासी है। युवक



शाम करीब 6.30 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। तभी, एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी और भाग गया। गोली लगने से बंटी बाइक समेत सड़क पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक को सीने के बायीं ओर गोली मारी लगी है। घटना के दौरान किसी ने हमलावर का चेहरा नहीं देखा। घायल युवक के पिता राजकुमार साव ने बताया कि उनका बेटा जेसीबी (मिट्टी खोदने वाली मशीन) चलाने का काम करता है। उन्हें यह पता नहीं कि किसी की उनके बेटे से दुश्मनी है। उन्होंने हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

### उस्थी में जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी में एक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के उस्थी थाना अंतर्गत बागारिया में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में बुद्धदेव हलदार नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक श्रीचंदा ग्राम पंचायत के चक देवी घोष इलाके का निवासी था। अधिकारियों के मुताबिक, गुरुवार की रात बदमाशों ने बुद्धदेव हलदार पर गोली चला दी। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। पहले उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जब उसकी हालत और बिगड़ने लगी, तो डॉक्टरों ने डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस हत्याकांड की गहन जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि जमीन और मिट्टी के कारोबार को लेकर हुए विवाद के कारण बुद्धदेव हलदार को गोली मारी गई। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है और तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# माध्यमिक परीक्षा में जीरो टॉलरेंस नीति, कड़े नियम लागू



**कोलकाता :** सोमवार से माध्यमिक परीक्षा की शुरुआत हो रही है। यह परीक्षा 10 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगी। इस बार कुल 9,84,753 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 4,28,803 छात्र और 5,55,950 छात्राएँ हैं।

परीक्षा शुरू होने से पहले, पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर परीक्षा संबंधी नए नियमों की घोषणा की। इस बार परीक्षा में गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर बोर्ड ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड अध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि गैजेट्स के मामले में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति लागू होगी। अगर किसी भी परीक्षार्थी के पास परीक्षा केंद्र में कोई स्मार्ट गैजेट पाया गया, तो उसकी पूरी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।

❑ **सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू**

बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर नए उपाय किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन या अन्य स्मार्ट गैजेट्स का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच की जाएगी। यदि प्रश्न पत्र वितरण के बाद किसी परीक्षार्थी के पास कोई गैजेट पाया जाता है, तो उसकी परीक्षा तत्काल रद्द कर दी जाएगी।

परीक्षार्थियों को सुबह 9:30 बजे परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करना होगा। इस बार कुल 2,683 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 947 मुख्य केंद्र और 1,736 अन्य केंद्र शामिल हैं। विशेष रूप से मालदा जिले के हर परीक्षा केंद्र पर अतिरिक्त सु-परवाइजर तैनात किए जाएंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए एक विशेष ऐप भी लॉन्च किया गया है, जिससे परीक्षा संचालन की स्थिति पर नज़र रखी जाएगी।

❑ **एडमिट कार्ड न मिलने के लिए स्कूलों पर कार्रवाई**

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि कई परीक्षार्थियों को समय पर एडमिट कार्ड नहीं मिलने के लिए स्कूलों को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्कूलों ने जानबूझकर छात्रों का पंजीकरण नहीं किया। इस लापरवाही के चलते 136 स्कूलों पर केस दर्ज किया गया है। इन स्कूलों के 181 परीक्षार्थियों को 6 फरवरी की शाम 6 बजे के बाद पंजीकृत किया गया।

इस साल, पिछले वर्ष की तुलना में 62,000 अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। हालांकि, अंतिम संख्या और भी बढ़ सकती है।

## परिवहन विभाग माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध कराएगा विशेष बस सेवा



**कोलकाता, समाज्ञा :** परिवहन विभाग ने माध्यमिक परीक्षा के लिए विशेष बस सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल परिवहन निगम ने सभी डीपो प्रबंधकों को परीक्षा के दिनों में दो शिफ्टों में अधिक बस सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह विशेष बस सेवा सुबह 6.30 बजे से 10 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी। बस के सामने 'परीक्षा विशेष' लिखा बोर्ड लगाया जाएगा तथा किराया सामान्य किराये के अनुसार ही लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम भी परीक्षा के दिनों में अतिरिक्त बसें चलाएगा। इसके अलावा, बस यात्रा भी बढ़ाई जाएगी। माध्यमिक परीक्षार्थियों के परिवहन की सुविधा के लिए उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम परीक्षा के दिनों में अतिरिक्त बस सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा।

## उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 12वीं के विद्यार्थियों के लिए दोबारा खोली आवेदन विंडो

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने उच्च माध्यमिक परीक्षा के लिए पंजीकरण विंडो को दो दिन के लिए फिर से खोलने की घोषणा की है। यह निर्णय छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रमुखों के कई अनुरोधों के बाद लिया गया है। मामले में आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि उच्चतर माध्यमिक परीक्षा, 2025 के लिए छात्रों का ऑनलाइन नामांकन 12 फरवरी से 13 फरवरी तक दो दिनों के लिए फिर से खोला जाता है। यह विंडो 13 फरवरी को बंद हो जाएगी। उम्मीदवार डबल्यूबीसीएचएसई की आधिकारिक वेबसाइट ुललहीश्‌ुल.सीं.ळप पर आधिकारिक सूचना देख सकते हैं। इन दो दिनों के लिए नामांकन जुर्माने के साथ उपलब्ध होगा। यह निर्णय छात्रों, अभिभावकों और संस्थानों के प्रमुखों के कई अनुरोधों के जवाब में आया है, जो प्रारंभिक नामांकन अवधि से चूक गए थे। यह उन लोगों के लिए एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करता है जिन्हें 2025 एचएस परीक्षाओं के लिए अपना पंजीकरण पूरा करने की आवश्यकता है।विस्तारित अवधि के दौरान डब्ल्यूबी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए आ-वेदन करने वाले छात्रों को विलंब शुल्क भी देना होगा। स्कूल प्रधानाचार्यों ने परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय के संबंधित उप सचिव को उपस्थिति सहित छात्रों का विवरण बताते हुए अग्रेषण पत्र भेजने का निर्देश दिया है।



बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल छावा के प्रमोशन के लिए पहुंचे कोलकाता।

## एगरा में फर्जी दस्तावेजों के साथ आतंकी के संदेह में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार



**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के एगरा में दो लोगों को उग्रवादी होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के नाम कुरबान मंडल और इमरान हुसैन है। दोनों के खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, शिकायतकर्ता महिला फिलहाल फरार है। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि ये दोनों लोग फर्जी दस्तावेजों के साथ बांग्लादेश से बंगाल क्यों आये? बताया गया है कि कुरबान मंडल और इमरान हुसैन एगरा के ब्लॉक नंबर 1 के ऋषि बंकिमचंद्र ग्राम पंचायत के मिर्जापुर बाजार के निवासी है। दोनों स्थानीय निवासी सुकुमार मन्ना के घर में किरायेदार थे। वे दोनों अपनी पत्नियों के साथ लगभग एक महीने से वहां रह रहे थे। कुरबान आयुर्वेद का दवा विक्रेता और इमरान ने खुद को राजमिस्त्री के रूप में पेश किया। कुछ दिन पहले आरोपी कुरबान मंडल का अपनी पत्नी मुक्ता बीबी के साथ विवाद चरम पर पहुंच गया। मुक्ता एगरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नेगुआ चौकी पर गयीं। उसने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस सुकुमार मन्ना के घर पहुंची। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि इमरान हुसैन बांग्लादेश का नागरिक है। दोनों ने फर्जी दस्तावेज बनाए। उसने अपना नाम बदलकर इब्राहीम हुसैन रख लिया। फर्जी पहचान पत्र पर पता उत्तर 24 परगना के केउतशा बुरुज गांव का है। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इसके बावजूद वे दोनों एगरा में क्यों रहते थे। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या वे तोड़फोड़ की योजना बना रहे थे या कुछ और। दोनों युवकों की पत्नियां फिलहाल लापता हैं। उन्हें शुक्रवार को कांथी उपजिला अदालत में पेश किया गया।

## हावड़ा डीजल शेड ने भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 शानदार वर्षों का मनाया जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने 3 फरवरी को भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के 100 शानदार वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए, हावड़ा डीजल शेड ने रेलवे की समृद्ध धरोहर और इसके समग्र विकास में योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हावड़ा के डीआरएम संजीव कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ डीएमई/लोको/हावड़ा उमेश वर्मा तथा हावड़ा डीजल शेड के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान, पूर्व रेलवे के सफर और इसमें किए गए महत्वपूर्ण सुधारों पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में हुए बदलावों पर चर्चा शामिल रहा। इसके साथ ही, उन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने हावड़ा डिवीजन और पूर्व रेलवे की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

इस मौके पर उमेश वर्मा ने कहा, यह मील का पत्थर हमारे कर्मचारियों के दृष्टिकोण, नवाचार और कठिन प्रयासों का प्रतीक है, जिन्होंने पूर्वी रेलवे को एक विश्व-स्तरीय परिवहन नेटवर्क में बदल दिया है। 1925 में अपनी स्थापना के बाद से हावड़ा डिवीजन ने क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक संरचना को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। अब यह डिवीजन यात्री और माल परिवहन सेवाओं का विशाल नेटवर्क चला रहा है जो लाखों लोगों और व्यवसायों को जोड़ता है।

## अमेजन ने वैलेंटाइन डे के लिए स्टोर किया लॉन्च, प्यार के खास तोहफे अब एक क्लिक दूर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने इस वैलेंटाइन डे पर अपने खास वैलेंटाइन्स डे स्टोर की शुरुआत की है, जिसमें प्रियजनों के लिए उपहारों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। यहां आपको चॉकलेट, घर की सजावट, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और कस्टमाइज किए गए ई-गिफ्ट कार्ड्स मिलेंगे। कैडबरी, फेरेरो रॉशर, लिंड्ट जैसे ब्रांड्स के साथ 40% तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। ताजे फूलों, खूबसूरत गुलदस्तों और मेकअप किट्स के साथ प्यार का इजहार कर सकते हैं। खासतौर पर डिजाइन किए गए गिफ्ट सेट्स और पर्सनला-इज्ड उपहार जैसे लक्जरी परफ्यूम, लेदर वॉलेट, और चॉकलेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। अमेजन पे द्वारा पेश किए गए लिमिटेड एडिशन सेंटेड गिफ्ट कार्ड के साथ उपहार देने का अनुभव और भी खास बनेगा। इसके अलावा, प्राइम सदस्य मुफ्त और त्वरित डिलीवरी का लाभ भी उठा सकते हैं।

### शहर में आज

❑ **श्री राणी सतीजी सत्संग भजन मंडली :** संगीतमय भजन कीर्तन संध्या, सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, स्थान- श्री राजकुमार जी जालान, 226/2, बांगुर एवेन्यू, कोलकाता।

❑ **गंगा सेवा समिति :** मां गंगाजी की आरती, सायं 6.30 बजे से, स्थान- मल्लिक घाट पम्पिंग स्टेशन, फूलकटरा, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

## कवि आशुतोष की कविता संग्रह और संस्मरणात्मक पुस्तक का लोकार्पण और परिचर्चा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह स्थित ऑफिसर्स क्लब के 'मंथन' सभागार में कवि आशुतोष की दो कविता संग्रह एवं उन पर रचित संस्मरण पुस्तक 'आशुतोष : असमय काल कवलित योद्धा' का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार शंभुनाथ, आलोचक डॉ. अमरनाथ, कलकत्ता गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाध्यापिका डॉ. सत्या उपाध्याय, चित्रकार शेखर, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर योगेंद्र और आशुतोष के पुत्र केतन कबीर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डॉ. आशुतोष को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया। इसके पश्चात् आशुतोष की स्मृतियों को याद करते हुए उनकी ही वाणी में ही बनाई गई एक वीडियो भी प्रदर्शित की गई। डॉ. आशुतोष की कविताओं का पाठ स्मिता गोयल और हावड़ा नवज्योति के बच्चों ने आशुतोष की कविताओं का सुंदर कोलाज प्रस्तुत किया। डॉ.अमरनाथ शर्मा जी ने आशुतोष जी और उनकी पुस्तकों के लिए उनके मित्रों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन देते हुए राज्यवर्धन जी ने सभी के सहयोग और उपस्थिति की सराहना की। इस कार्यक्रम के आयोजन में यतीश कुमार और उनकी पत्नी स्मिता गोयल ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में कोलकाता के कई शिक्षक, प्राध्यापक और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# हावड़ा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की छत पर चढ़ा व्यक्ति, मची अफरा-तफरी



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 9 की छत पर एक व्यक्ति चढ़ गया। जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को सुरक्षित रूप से नीचे उत-ारने के प्रयास शुरू किए। अधिकारियों ने उसे खाना भी दिया, लेकिन उसे नीचे उतारने में सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद, दमकल विभाग को सूचित किया गया और लगभग एक घंटे बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बड़े सावधानी से व्यक्ति को नीचे उतार लिया। पुलिस के मुताबिक, व्यक्ति की पहचान झारखंड के निवासी रविंद्र पहाड़िया के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लेटफार्म के शेड की मरम्मत का काम चल रहा था, जिसके चलते उक्त व्यक्ति छत पर चढ़ गया था। हावड़ा जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है और व्यक्ति को थाने ले जाया गया है।

## बिना अनुमति के निजी अस्पतालों में इलाज, स्वास्थ्य भवन ने 17 डॉक्टरों को किया तलब



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के 17 डॉक्टरों पर नॉन प्रैक्टिसिंग पोस्ट पर कार्यरत होते हुए बिना अनुमति के निजी अस्पतालों में इलाज करने का आरोप लगा है। इन डॉक्टरों पर सरकारी नियमों का उल्लंघन करने का भी आरोप है। स्वास्थ्य विभाग की जांच समिति ने इन सभी डॉक्टरों को 12 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। इन 17 डॉक्टरों में से कुछ पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और नदिया के निवासी हैं। डॉक्टरों में प्रणय घोष, सायन हाजरा, शैबाल माईती, संदीप कुमार प्रमाणिक, सुप्रतीम गिरी, अमित कुमार हलदार, शिवशंकर दे, भजनचंद्र सरकार, शरबिंदु मंडल, दीपांकर प्रधान, दिलीप कुमार बेरा, आशुतोष मल, समियुल्ला लस्कर, तपन कुमार खटुआ, सौमिक साहा, देवद्युति महापात्र और सुशोभन मंडल शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन डॉक्टरों ने सरकारी अनुमति नहीं ली, जो नियमों का उल्लंघन है। स्वास्थ्य विभाग की जांच समिति ने इनसे कुछ दस्तावेज भी लाने को कहा है। आरोप साबित होने पर इन डॉक्टरों के खिलाफ सजा की कार्रवाई की जा सकती है।

## भारत के टॉप डिजिटल स्टार्स में पारदर्शिता की कमी, दो-तिहाई इन्फ्लुएंसर गाइडलाइंस का उल्लंघन : एएससीआई रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** एएस-सीआई की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत के टॉप 100 डिजिटल स्टार्स में से 69% इन्फ्लुएंसर ने विज्ञापन गाइडलाइंस का पालन नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार, इन इन्फ्लुएंसर्स ने ब्रांड प्रमोशन के दौरान पारदर्शिता की कमी दिखाई, जिससे 11 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स प्रभावित हुए। फैशन, दूरसंचार और पर्सनल केयर जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक नियमों का उल्लंघन हुआ। हालांकि, एएससीआई के हस्तक्षेप के बाद 93% मामलों में इन्फ्लुएंसर ने अपने पोस्ट में सुधार किया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि अधिकांश इन्फ्लुएंसर ने ब्रांड से जुड़े अपने संबंधों का खुलासा नहीं किया। मनीषा कपूर, एएससीआई की सीईओ ने कहा कि इन्फ्लुएंसर्स को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और कानूनों का पालन करना चाहिए।




सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी एंड सीईओ सुवांकर सेन और सौरव गांगुली की उपस्थिति में शुक्रवार को डनलप स्थित सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के 172वें शोरूम का हुआ शुभारंभ।

## जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी महाराज को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किये जाने पर जैन समाज में हर्ष की लहर




**कोलकाता :** जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी म.सा. को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किये जाने पर जैन समाज में हर्ष की लहर है। श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट, कोलकाता के ट्रस्टी महेन्द्र डागा, मुल्तानचंद सुराणा, विनीत दुगड़ ने बताया पूज्य जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वरजी महाराज साहेब के मार्गदर्शन में संचालित भगवान महावीर हॉस्पिटल, लछुआड़ के गत 19 वर्षों के सेवा कार्य को देखते हुए बिहार सरकार ने सन 2023 में नेत्र ज्योति प्रदाता उपाधि से सम्मानित किया। हॉस्पिटल में नेत्र चिकित्सा में विशिष्ट उपलब्धि के दृष्टिकोण से अब तक मोतियाबिंद के 40 हजार से अधिक निःशुल्क ऑपरेशन किये जा चुके हैं। हजारों जरुरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, महिलाओं को रोजगार के लिये सिलाई विभाग एवं कम्प्युटर शिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। सेवा-शिक्षा - स्वावलंबन के अन्तर्गत विविध सेवामूलक कार्यक्रमों के लिये कार्यकर्ता कर्तव्य निष्ठा से समर्पित हैं। श्री आत्म बल्लभ जनकल्याण ट्रस्ट, कोलकाता के अध्यक्ष कमलसिंह रामपुरिया, उपाध्यक्ष सुन्दरलाल दुगड़, सचिव महेन्द्र डागा, कोषाध्यक्ष मुल्तानचंद सुराणा, ट्रस्टी आर. सुभाष चंद बाफना, आर. शांतिलाल चोरड़िया, प्रसन्न चन्द जैन, देवेन्द्र कोचर, विनीत दुगड़, हॉस्पिटल प्रबन्धक अनिल कुमार पाठक एवम् जैन समाज के संगठनों के पदाधिकारियों ने जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वरजी महाराज साहेब को पद्मश्री से अलंकृत किये जाने पर आचार्य श्री का अभिनन्दन किया एवम् बिहार तथा भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनवरी 2025 तक मेट्रो में 18.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने किया सफर



**कोलकाता :** इस वित्तीय वर्ष में जनवरी 2025 तक कोलकाता मेट्रो रेलवे के यात्री संख्या में 15.39% की वृद्धि दर्ज की गई है। मेट्रो ने इस अवधि में 18.52 करोड़ यात्रियों को सफर कराया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह संख्या 16.05 करोड़ थी। यानी इस साल 2.47 करोड़ अधिक यात्री मेट्रो से सफर कर चुके हैं।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोलकाता मेट्रो किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जिससे मेट्रो को भारी आर्थिक सब्सिडी देनी पड़ रही है। जनवरी 2025 तक मेट्रो का परिचालन घाटा 224.68 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 207.90 करोड़ रुपये था।

राजस्व वृद्धि के लिए मेट्रो प्रशासन विभिन्न उपाय कर रहा है। इसमें स्टेशनों पर कूड़ेदान ब्रांडिंग, मेट्रो रेक के अंदर और बाहर विज्ञापन, खुले स्थानों पर होर्डिंग्स, स्वास्थ्य जांच कियोस्क, हैंडल चैन ब्रांडिंग जैसी पहल शामिल हैं। इसके अलावा, ट्रैक साइडवॉल ब्रांडिंग, कार्ड बैलेंस चेकिंग टर्मिनल ब्रांडिंग, स्मार्ट कार्ड रिचार्ज मशीन ब्रांडिंग, एएफसी-पीसी गेट्स और फ्लैप ब्रांडिंग, खाद्य कियोस्क और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से यात्रियों को जानकारी और मनोरंजन देने की व्यवस्था की गई है।

जनवरी 2025 के अंत तक मेट्रो का ऑपरेटिंग रेशियो 236 रहा। वहीं, डिजिटल लेन-देन में भी बढ़ोतरी देखी गई है और पिछले महीने यह 30% के पार पहुंच गया। मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे ऑनलाइन टिकट बुकिंग को अपनाएं और टिकट काउंटरों पर भीड़ से बचें।

# भारत के निर्यात क्षेत्र में पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण योगदान



कृषि, प्रमुख सचिव, श्री ओंकार सिंह मीना, कृषि और कृषि विपणन के प्रमुख सचिव ओंकार सिंह मीणा, उद्योग, वाणिज्य और उद्यम तथा एमडी, डबल्यूबीआईडीसी वंदना यादव, मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत, को-चेयर, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समिति बीजीबीएस एंड एमडी-पैटन ग्रुप, संजय बुधिया और खाद्य प्रसंस्करण एंड हॉर्टिकल्चर के सचिव स्मारकी महापात्रा ने 'एक्सपोर्ट क्लिनिक' का उद्घाटन और 'एमएसएमई के निर्यात क्षमता को अनलॉक करने की रणनीति' रिपोर्ट का विमोचन किया।

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत ने हाल के वर्षों में वैश्विक निर्यात क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिससे व्यापार प्रदर्शन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अब भारत का निर्यात क्षेत्र आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन चुका है और यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक प्रमुख व्यापार साझीदार बन गया है। पश्चिम बंगाल इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और 'बिजनेस में आसानी' एवं सिस्टम में पारदर्शिता के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण यह देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक बन चुका है। राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 18.8 लाख करोड़ है और वार्षिक निर्यात 1 लाख करोड़ से अधिक है। राज्य सरकार ने अगले दशक में निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले साल एक नई निर्यात नीति और लॉजिस्टिक्स नीति जारी की, जिसे विभिन्न हिस्सेदारों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सक्रिय निर्णय क्षमता और उनके दल द्वारा परियोजनाओं की निगरानी ने निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। पश्चिम बंगाल में पैटन ग्रुप द्वारा 8 फैक्ट्रियां संचालित की जा रही हैं, जिसमें 3,800 से अधिक लोग काम कर रहे हैं। इसके अलावा, पिछले दो दशकों से यूएस बाजार में निर्यात बिना किसी व्यवधान के जारी है। राज्य सरकार निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाने, निर्यात बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नई उत्पाद श्रेणियों की पहचान करने के लिए कई प्रयासों में जुटी है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) भी निर्यात प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। आने वाले समय में, पश्चिम बंगाल का निर्यात क्षेत्र नए रास्ते खोलेगा, वैश्विक व्यापार साझेदारी को मजबूत करेगा और राज्य की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने सियालदह लोको शेड का किया दौरा, दिए जरूरी निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर ने शुक्रवार को सियालदह डीजल शेड का दौरा किया। जिसमें उनके साथ प्रधान विभागाध्यक्ष और सियालदह के डीआरएम दीपक निगम उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने डीजल शेड के संचालन और रखरखाव के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की और लोको ओवरहालिंग की गति को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने डीजल और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स के बेहतर रखरखाव के लिए अधिकारियों को उचित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न उन्नत उपकरणों जैसे अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्टर, इंसुलेशन टेस्टर, डिजिटल व्हील डायमीटर माप मशीनों और अन्य नाजुक उपकरणों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। बाद में, महाप्रबंधक ने सियालदह के डीआरएम और सियालदह डिवीजन के शाखा अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें लंबित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और समग्र प्रदर्शन में सुधार के लिए एक कार्य योजना बनाई गई। उन्होंने रेलवे ट्रैक और आस-पास के क्षेत्रों में शून्य ट्रेसपासिंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने स्टेशनों के परिसंचरण क्षेत्रों और शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से सीएसआर संभावनाओं की तलाश करने और स्टेशन की स्थिति और सुंदरता में सुधार करने की भी अपील की।

# खुद को बताता था कोस्ट गार्ड का एडीजी, न्यू टाउन स्थित आलीशान मकान से गिरफ्तार

❑ **भारत सरकार अंकित तीन स्टार लगी नीली बत्ती वाली कार जब्त**

**हुगली :** जिले के चंदननगर निवासी एक फर्जी तटरक्षक एडीजी अधिकारी को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस ने कोलकाता के न्यूटाउन स्थित आलीशान आवास से गिरफ्तार किया है। इस घटना से चंदननगर समेत आस पास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सुप्रिय मुखर्जी है। वह चंदननगर के बिन्दुबासिनी पाड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। उसके पास से पुलिस ने भारत सरकार अंकित तीन स्टार लगी नीली बत्ती



वाली कार जब्त किया हैं। कार पर तटरक्षक बल का लोगो लगा हुआ है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने न्यूटाउन के डीए ब्लॉक एक्शन एरिया वन स्थित उसके आवास से कार भी जब्त कर ली। पुलिस को तटरक्षक एडीजी होने का सबूत नहीं मिला। पुलिस को जांच के बाद पता चला कि आरोपी खुद को कोस्ट गार्ड का एडीजी बताता था। नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठता था। वह उस गाड़ी में सुरक्षा गार्ड लेकर भारत के अलग-अलग राज्यों में घूमता था। वह लोगों को बताता था कि उसके पास केंद्र सरकार के सुरक्षा गार्ड हैं। लेकिन पुलिस को पता चला कि कोई भी सुरक्षा गार्ड सरकारी कर्मचारी नहीं था। वह एक निजी कंपनी से था। आरोपी न केवल देश में बल्कि विदेश में भी यात्रा कर चुका था। बताया जा रहा है कि फर्जी तटरक्षक एडीजी बनकर वह व्यक्ति दुर्गा पूजा के दौरान घर पर बहुत से लोगों को खाना खिलाता था। लोग उसे सरकारी अधिकारी समझ कर उसका सम्मान करते थे। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को रिमांड की अर्जी के साथ चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उसे सात दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

पिछले महीने एक व्यक्ति ने चंदननगर थाने में उनके खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच की और सुप्रियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुरुवार रात न्यू टाउन के डीए ब्लॉक एक्शन एरिया वन स्थित एक आवास पर छापा मारा। इसके बाद सुप्रिय को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार से चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया गया।

## घरेलू झगड़े के दौरान पत्नी ने पति को डराने के लिए खुद को लगाई आग, अस्पताल में भर्ती

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ थानांतर्गत इलाके में एक युवती ने खुद को आग लगा दी। इस घटना में घायल हुई सुष्मिता दास(19) फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। मिली जानकारी के अनुसार, लिलुआ थाना क्षेत्र के भटनगर अरविंद नगर स्थित एक घर में सुष्मिता दास(19) ने अपने पति अभि दास(25) के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि अभि को नशे की लत थी। वे रोजाना नशा करता था, जिस कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार रात को भी अभि नशा करके घर लौटा, जिसके बाद उसकी पत्नी के साथ झगड़ा शुरू हो गया। कथित तौर पर सुष्मिता ने अपने पति को डराने के लिए खुद पर केरोसिन तेल डालकर आग लगाने की धमकी देने लगी



और इसी दौरान आग लग गई। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक सुष्मिता लगभग 70% जल चुकी थी। युवती को तुरंत हावड़ा अस्पताल ले जाया गया। वहीं, खबर मिलते ही लिलुआ थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार को हावड़ा कोर्ट में पेश किया गया। हावड़ा सिटी पुलिस के डीसीपी नॉर्थ बिशप सरकार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस पूरे मामले की जांच जारी है।

## तपस ज्ञानेश ऑडिटोरियम में दो दिवसीय 'आरुषी पर्व' आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** 28 और 29 दिसंबर, 2024 को तपन थियेटर की तीसरी मंजिल पर स्थित तपस ज्ञानेश ऑडिटोरियम में दो दिवसीय 'आरुषी पर्व (द्वितीय वर्ष)' का आयोजन किया गया। दो दिनों में कुल 12 नाटक आयोजित किये गये। पहले दिन नाटककार, निर्देशक और अभिनेता सुजन साहा और सुदीप्त सरकार उपस्थित थे। दूसरे दिन रंगमंच शोधकर्ता एवं निबंधकार रंजन गंगोपाध्याय और पश्चिम बंगाल नाट्य अकादमी द्वारा सर्वश्रेष्ठ नाटककार के रूप में सम्मानित संजय चटर्जी उपस्थित थे। इसके अलावा, बालीगंज आरुषि द्वारा प्रस्तुत गोपाल दास मेमोरियल पुरस्कार स्टेज डिजाइनर अजीत रॉय को दिया गया और जुगलकिशोर दासगुप्ता मेमोरियल पुरस्कार समृद्धि बनर्जी को दिया गया, जिन्हें वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाशाली अभिनेत्री के रूप में नामित किया गया था। इसके अतिरिक्त, दो दिनों में कुल 12 नाटकों का मंचन किया गया।

## गैरकानूनी पार्किंग का विरोध करने पर महिला वकील पर धारदार हथियार से हमला

**कोलकाता :** गैरकानूनी पार्किंग का विरोध करने पर दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट इलाके में एक युवा महिला वकील पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने न सिर्फ़ उन पर हमला किया, बल्कि उनके ख़िलाफ़ अश्लील और आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया।

पीड़ित महिला वकील के अनुसार, गुरुवार शाम को जब उन्होंने अपने चेंबर के सामने अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों का विरोध किया, तो स्थानीय कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि कुछ लोगों ने अचानक उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, उन्हें धमकियाँ भी दी गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही चारु मार्केट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। बताया जा रहा है कि झगड़े में शामिल दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज कराई।

वहीं, इलाके के कुछ लोगों और हमलावरों ने महिला वकील और उनके परिवार पर भी आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वकील के पिता एक प्रमोटर हैं और अवैध निर्माण कार्यों में शामिल हैं। आरोप यह भी है कि महिला वकील पहले स्थानीय लोगों पर हमला कर चुकी हैं।

फिलहाल, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों के आरोपों की गहन जांच की जा रही है।

## युवती की अंतरंग तस्वीरे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**हुगली :** ग्रामीण पुलिस के तहत सिंगुर थाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर युवती की अंतरंग तस्वीरे पोस्ट करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपों के आधार पर युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर अतरंग पोस्ट करने की धमकी देकर युवक युवती से पैसे और सोने के गहने हड़प रहा था। आरोप है कि धमकी देने और युवती से नकदी व सोने के जेवरात हड़पने के बाद भी युवक नहीं रुका। युवक ने युवती की अंतरंग तस्वीरे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की बार-बार धमकी देकर उससे और अधिक पैसे ऐंठने की कोशिश की। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक का घर सिंगूर में है। युवती का घर में है।



युवक काफी समय से दुबई में सोने-चांदी का काम कर रहा था। हालांकि, युवक ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका दावा है कि युवती ने उन्हें फंसाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती की मुलाकात कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर सिंगूर निवासी युवक से हुई थी। यह निकटता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। युवती ने आरोप लगाया कि युवक ने कमजोरी के क्षण में उसकी तस्वीर खींच ली थी। इसके बाद उसने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी दी। सबसे पहले उसने 50,000 टका चुराए। बाद में उसने कथित तौर पर करीब डेढ़ लाख टका मूल्य के सोने के आभूषण चुरा लिए। लेकिन, युवक यहीं नहीं रुका। उसने और अधिक पैसे की मांग की। इस बीच गुरुवार को युवती ने युवक को दोबारा मिलने के लिए तारकेश्वर के पियासरा इलाके में बुलाया। मिलते ही दोनों में बहस शुरू हो गई। झगड़ा इस हद तक बढ़ गया कि पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। अंत में पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को उसी दिन चंदननगर उपजिला न्यायालय भेज दिया गया।

## बांकड़ा में बोरी बनाने वाले कारखाने में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बांकड़ा में शुक्रवार की सुबह एक कारखाने में भीषण आग लगने से सनसनी फैल गयी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर किसी तरह काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बांकड़ा के झिलपाड़ा में एक बोरी बनाने का कारखाना है। शुक्रवार की सुबह कारखाना में अचानक आग की लपटे देखी गई। कारखाने के अंदर भारी मात्रा में बोरी रखे होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गयी। जिस कारण कारखाने का अधिकांश हिस्सा जलकर राख हो गया। घटना घनी आबादी वाले क्षेत्र में होने के कारण पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। खबर मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले की जांच जारी है।

## भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बंगाल के नए अध्यक्ष के लिए सर्वमान्य उम्मीदवार की तलाश कर रहा

❑ **पूरे सोच विचार के बाद ही अगले अध्यक्ष के नाम की होगी घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अब बंगाल में नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए ऐसे उम्मीदवार की तलाश कर रहा है जिसपर किसी को आपत्ति न हो। बंगाल में मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो रहा है, जो केंद्र में मंत्री भी हैं। सुकांत पिछले तीन साल से अधिक समय से प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वैसे भी भाजपा में एक व्यक्ति एक पद की नीति का पालन किया जाता है, ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व के लिए सुकांत को अब अध्यक्ष पद पर बनाए रखना मुश्किल है। दूसरा केंद्रीय मंत्री और बंगाल जैसे कठिन राज्य में पार्टी अध्यक्ष का पद दोनों एक साथ संभालना बहुत कठिन है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, एक व्यक्ति एक पद की नीति वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के मामले में भी बाधा बन सकती है, क्योंकि वे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर हैं। इसलिए अगले प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में कई नाम सामने आ रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व ने योग्य चेहरे की तलाश तेज कर दी है। राज्य में अगले की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव भी होना है। ऐसे में भाजपा को जल्द से जल्द यह तय करना होगा कि प्रदेश अध्यक्ष किसे बनाया जाए और चुनाव की तैयारी शुरू करनी होगी। इधर, भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के शीर्ष नेताओं द्वारा नए अध्यक्ष के लिए तीन नाम केंद्रीय नेतृत्व को सुझाए गए हैं।

हालांकि खबर है कि इनमें से किसी भी नाम पर सर्वसम्मति नहीं है। 2026 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा नेतृत्व पूरे सोच विचार व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेने के बाद ही नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगा। जानकार सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व भलीभांति जानता है कि विधानसभा चुनाव से पहले किसी ऐसे चेहरे को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जाए, जो सबको मंजूर हो। नहीं तो इसका खामियाजा चुनाव में पार्टी को उठाना पड़ सकता है। इसलिए इस बार केंद्रीय नेतृत्व फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। लिहाजा बंगाल में भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष कोन होगा इसको लेकर प्रदेश इकाई के भीतर सरगर्मी तेज है।

## नदिया में अवैध प्रवेश के आरोप में दो बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया के धानतला थाने की पुलिस ने अवैध प्रवेश के आरोप में दो बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि धानतला थाना अंतर्गत बहिरगाछी बाजार इलाके में दोनों युवकों को घूमते देख पुलिस को शक हुआ। फिर, उनसे पूछताछ की गई तो सनसनीखेज जानकारी सामने आई। दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वे कुछ महीने पहले बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और कुछ ही दिनों में बांग्लादेश लौटने की योजना बना रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार दोनों युवकों के नाम हसीफ शेख (32) और अमीनुर शेख (25) हैं। ये दोनों बांग्लादेश के जेनाइदाह जिले के महेशपुर थाने के नल पतुआ इलाके में रहते हैं। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वे किस उद्देश्य से भारत आए थे और इतने लंबे समय से कहां थे। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार व्यक्ति लंबे समय से भारत में रह रहे थे। हालांकि, भारत में उनके प्रवेश का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस को संदेह है कि वे किसी ऐसे गिरोह से जुड़े हो सकते हैं जो अवैध घुसपैठ में मदद करता है। यह भी पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि क्या उनके पास से कोई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि वे भारत में क्यों रह रहे हैं और क्या उनका किसी दलाल से कोई संबंध है।

## बारुइपुर में आर्थिक समस्याओं के कारण परिवारिक अशांति से परेशान पति ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्थिक समस्याओं के कारण परिवारिक अशांति से परेशान एक पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना के बारुइपुर के वार्ड 16 में घटी। व्यक्ति का शव उसके घर से लटका हुआ बरामद किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान उत्तम बारिक (52) के रूप में की गई है। उनकी पत्नी का नाम संगीता बारिक है। उनकी शादी 20 साल पहले हुई थी। उत्तम ब्रोकर का काम करते थे। बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से उनकी आय में कमी आ गई थी। ऐसी भी खबरें हैं कि बाजार में उनको काफी पैसा देना था। इस बीच, संसार में



वित्तीय परेशानी के कारण पति-पत्नी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। गुरुवार को जब पत्नी ने पारिवारिक खर्च के लिए पैसे मांगे तो उत्तम नहीं दे सके। इसे लेकर दोनों के बीच काफी अशांति हुई। नाराज होकर पत्नी शाम को अपनी बेटी को लेकर बारुइपुर के बिड़ाल इलाके में अपने पिता के घर चली गई। रात में दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। इस दिन, पत्नी संगीता ने अपने पति को कई बार फोन किया। लेकिन उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका। महिला ने एक पड़ोसी युवक को फोनकर उसे अपने घर जाने को कहा। युवक उसके घर गया और उत्तम का नाम लेकर आवाज लगाने लगा। घर के सभी दरवाजे और खिड़कियां अंदर से बंद थीं। अंदर से जवाब नहीं मिलने पर युवक दरवाजा तोड़कर घर में घुसा तो देखा कि उत्तम बारिक का शव खिड़की से लटका हुआ है। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्या यह घटना आपकी पत्नी के साथ विवाद के कारण हुई है? पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नाले का पानी सड़क पर जमा होने से परेशान स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलिलियस रोड पर स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन इलाके में लंबे समय से नाले का पानी सड़क पर जमा होने के खिलाफ किया गया। यह घटना हावड़ा नगर निगम



के 22 नंबर वार्ड की है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग लंबे समय से नाले का पानी सड़क पर जमा होने के कारण परेशान हैं। इसके चलते पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई न होने के कारण नाले का पानी सड़क पर फैल गया है, जिससे सड़ने के कारण बदबू आ रही है। इस पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही लोग स्किन की बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा, पास की फैक्ट्रियों का कचरा और एसिडयुक्त तरल भी इस पानी में मिलकर समस्या को और बढ़ा रहा है। यह प्रदर्शन लगभग आधे घंटे तक चला। नगर निगम के इंजीनियर भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। बाद में, बेंटरा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम हटवाया।

## घर में लटकी मिली देवर की लाश, स्थानीय लोगों ने की भाभी की पिटाई

### विवाहेत्तर संबंध या संपत्ति विवाद? पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट के नैजाट इलाके में एक देवर का घर से झूलता शव बरामद किया गया है। उसकी हत्या कर फंदे से लटका दिया गया है। इस तरह के आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासियों ने मृतक की भाभी और उसके नाबालिग बेटे की बुरी तरह पिटाई की। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। क्या युवक की मौत के पीछे कोई विवाहेतर संबंध है? या फिर संपत्ति विवाद? कई सवाल उठने लगे हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान बलराम दास (32) के रूप में हुई है। गुरुवार की रात नैजाट थाना अंतर्गत हरदार पाड़ा इलाके में स्थित उसके घर में उसका शव



लटका मिला। बलराम के भाई-भाभी ने उसे बचाया और बशीरहाट अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल और मृतक के घर पहुंची। इस बीच, शुक्रवार की सुबह से ही असामान्य मौत की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया। इस दिन, स्थानीय निवासियों ने उस घर पर हमला कर दिया। मृतक की भाभी अपर्णा दास और उसके नाबालिग बेटे को घर से बाहर निकालकर पीटा गया। आरोप है कि घर में आग लगाने की भी धमकी दी गई। क्षेत्र में अशांति की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। दोनों को बचा लिया गया और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। पता चला है कि बलराम की पत्नी काम के सिलसिले में दिल्ली में रहती है। उसे भी उसके पति की मौत की खबर भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़िता अपर्णा ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस के पहुंचने के बाद हमलावर कथित तौर पर घटनास्थल से भाग गए।

## आरएसएस प्रमुख ने संगठनात्मक मामलों पर संघ पदाधिकारियों के साथ की बैठक

### संगठन के कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से की चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के 10 दिवसीय दौरे पर पहुंचने के अगले दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को यहां संगठनात्मक मामलों पर संघ के पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। सूत्रों के अनुसार, बैठक में संघ प्रमुख ने बंगाल में संगठन के आगामी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बता दें कि भागवत गुरुवार की शाम 10 दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे थे। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, उनका बंगाल प्रवास देशभक्ति, आत्मनिर्भरता, पारिवारिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण और परिवार-उन्मुख प्रथाओं के माध्यम से सामाजिकता जैसे मूल्यों को स्थापित करने पर केंद्रित होगा। संघ के महासचिव जिष्णु बसु ने बताया कि भागवत 10 फरवरी तक दक्षिण बंग क्षेत्र में आरएसएस पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे, जिसमें पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर व दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं। 13 फरवरी को वह मध्य बंग क्षेत्र में जाएंगे, जिसमें बांकुड़ा, पुरुलिया, बीरभूम, पूर्व व पश्चिम बर्दवान और नदिया जिले शामिल हैं। दौरे के एक महत्वपूर्ण हिस्से में भागवत 11 व 12 फरवरी को एक विचार-मंथन सत्र में शामिल होंगे, जिसके बाद 14 फरवरी को मध्य बंग में आरएसएस के एक नए कार्यालय का भी उद्घाटन किया जाएगा। भागवत 16 फरवरी को बर्दवान में आरएसएस पदाधिकारियों के एक सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

## अतिरिक्त सामान लेकर यात्रा करने के खिलाफ सियालदह में चलाया गया जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** यात्रियों की परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सियालदह मंडल के एडीआरएम (इंफ्रा) राजेश कुमार और डीसीएम शशि रंजन कुमार ने बिना बुक किए व अतिरिक्त सामान लेकर यात्रा करने के खिलाफ सियालदह रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को औचक जांच अभियान चलाया। सियालदह मंडल के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक चलाए गए इस औचक जांच के दौरान कुल 68 यात्रियों और विक्रेताओं के सामानों की गहन जांच की गई, जिसमें से अतिरिक्त सामान के सात मामले पकड़े गए। इन सातों से रेलवे के नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला गया। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम के निर्देशन में चलाए गए जांच अभियान में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

## बीएसएफ ने सात बांग्लादेशी घुसपैठिए और तीन भारतीय दलाल को किया गिरफ्तार

❑ **भारतीय रुपये व बांग्लादेशी टका के साथ केन्या और इंडोनेशिया की करेंसी भी जब्त**

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 146वीं वाहिनी के जवानों ने मुर्शिदाबाद जिले के साथ लगती भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गुरुवार को ऑपरेशन चलाकर अवैध तरीके से सीमा पार करते सात बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत उनकी मदद कर रहे तीन भारतीय दलालों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के डीआईजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों व दलालों के पास से 16 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल सहित भारतीय रुपये व बांग्लादेशी टका के साथ केन्या और इंडोनेशिया की करेंसी भी जब्त की गई है।



अधिकारी ने बताया कि गत गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे बीएसएफ की 146वीं वाहिनी की सीमा चौकी मुर्शिदाबाद जिले के जालंगी इलाके में पेट्रोलिंग पार्टी के जवानों ने सीमा पर छह-सात घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जो भारत से बांग्लादेश में जाने की फिराक में थे। जवानों ने उनमें से दो घुसपैठियों को पकड़ लिया, जबकि अन्य अंधेरे व धुंध का फायदा उठाकर वापस भारतीय सीमा में भागने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलते ही सीमा चौकी जालंगी के कंपनी कमांडर अन्य जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया, जिस दौरान मौके से तीन बैग बरामद हुए, लेकिन अन्य घुसपैठियों का सुराग नहीं लग सका। पकड़े गए दो घुसपैठियों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे दोनों बांग्लादेशी नागरिक हैं और उनके पांच बांग्लादेशी साथी और हैं जो कि सुबह भागने में कामयाब हो गए थे। गहन पूछताछ में आगे उन्होंने खुलासा किया कि वे सभी भारत के सीमावर्ती गांव मधुबना के एक दलाल की मदद से अवैध रूप से सीमा पार करने की फिराक में थे।

गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों से बरामद मोबाइल फोन पर आए एक कॉल से इस ऑपरेशन को एक नई दिशा मिली। उनको सीमा पार कराने वाले दलाल ने उन्हें कॉल किया था, जिसके बाद बीएसएफ जवानों ने त्वरित रणनीतिक योजना बनाकर दलाल को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। पकड़े गए एक बांग्लादेशी को निर्देश दिया गया कि वह दलाल से बात करे और उसे यह विश्वास दिलाए कि वे ठीक हैं और जालंगी में कस्टम आफिस के नजदीक किसी सुरक्षित स्थान पर छिपे हुए हैं। जिसके बाद दलाल को झांसे में लेकर कस्टम ऑफिस के पास बुलाया गया तथा वहां पहले से मौजूद बीएसएफ जवानों ने बांग्लाद-शी नागरिक द्वारा पहचान के आधार पर उस दलाल को धर दबोचा। बीएसएफ ने दलाल के पास से एक मोबाइल और मोटरसाइकिल जब्त की। दलाल से पूछताछ के दौरान उन पांच अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में पता चला जो सुबह भागने में कामयाब हो गए थे। दलाल ने खुलासा किया कि वे सभी गोपालपुर घाट के समीप एक केले के बागान में छिपे हुए हैं, जिसके आधार पर जवानों ने एक और ऑपरेशन चलाया। इस बार, जवानों की अलग-अलग पार्टी ने आम नागरिकों का भेष बनाकर दलाल द्वारा बताई जगह पर ऑटो व एंबुलेंस से पहुंचे और दलाल को वहां छिपे हुए अन्य पांच बांग्लादेशियों को फोन करके भरोसे में लेकर सामने लाने के लिए निर्देश दिया। नतीजतन, कुछ देर बाद वे सभी पांचों बांग्लादेशी एक केले के बागान से निकलकर बाहर आए, जिन्हें बीएसएफ की पार्टियों ने दबोच लिया।

## नई बनारस रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी, कनेक्टिविटी में होगा सुधार

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे नेटवर्क के लिए नई बनारस रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के तहत पुराने और जर्जर हो चुके सेमी-थ्रू गर्डर को बदलकर सुरक्षा में सुधार, यातायात जाम कम करने और क्षेत्र में यातायात प्रवाह को बेहतर



बनाया जाएगा। नया पुल बढ़ती परिवहन मांगों को पूरा करेगा और भविष्य में उन्नयन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएगा। नया आरओबी तीन उन्नत बाउस्ट्रिंग गर्डरों से सुसज्जित होगा, जिनका संयुक्त स्पैन 66 मीटर और 24 मीटर होगा। पुल की चौड़ाई 11.01 मीटर होगी, जिसमें 7.5 मीटर चौड़ा सड़क मार्ग और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ होगा। यह उन्नयन वाहनों के यातायात के प्रवाह को सुधारने के साथ-साथ पुराने संरचना द्वारा उत्पन्न जाम को समाप्त करेगा, खासकर यार्ड क्षेत्र में जहां भविष्य के ट्रैक लेआउट के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह परियोजना अच्छी गति से चल रही है और उप-संरचना 90% पूरी हो चुकी है। शेष कार्य सड़क ब्लॉक के दौरान किया जाएगा। 66 मीटर बाउस्ट्रिंग गर्डर का लॉन्चिंग 76 दिनों में होगा और 33 दिनों तक अप मेन लाइन को बंद किया जाएगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और पूर्व रेलवे के संचालन में सुधार के साथ-साथ भविष्य में क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अलीगढ़ में खड़ी बस से टकराया महाकुंभ से लौट रहे लोगों का वाहन; दो लोगों की मौत, 12 जख्मी

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिले के टप्पल क्षेत्र में शुक्रवार सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक खड़ी बस से प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस के जा टकराने से उसमें सवार दो यात्रियों की मौत हो गयी तथा 12 अन्य जख्मी हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण सिंह ने बताया कि महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क के किनारे खड़ी एक बस से जा टकरायी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। उनकी तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि हादसे में 12 अन्य श्रद्धालु भी घायल हो गये। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह ने बताया कि बस सवार श्रद्धालु प्रयागराज से हरियाणा लौट रहे थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### आगरा में पैराशूट दुर्घटना में वायुसेना कर्मी की मौत

**आगरा (उत्तर प्रदेश) :** आगरा में पैराशूट प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान शुक्रवार को वायु सेना के एक जवान की मौत हो गई। वायुसेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विंग कमांडर रोहित दहिया द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, वारंट अधिकारी मंजूनाथ सहित 12 प्रशिक्षु 'जंपर' सुबह करीब साढ़े आठ बजे वायुसेना के विमान से कूदे जिनमें से 11 जवान सुरक्षित उतर गए, जबकि वारंट अधिकारी मंजूनाथ का पैराशूट नहीं खुल पाया। उन्होंने बताया कि मंजूनाथ गेहूं के खेत में गिर गए। उन्होंने बताया कि वायुसेना के अधिकारी और अन्य कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मंजूनाथ को वायुसेना अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि मंजूनाथ कर्नाटक के निवासी थे और आगरा वायुसेना अड्डे पर तैनात थे।

### 12वीं कक्षा की छात्रा का शव रेल पटरी पर मिला

**सुलतानपुर (उप्र) :** सुलतानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज रेल खंड पर रेलवे पटरी पर शुक्रवार शाम को 17 वर्षीय एक छात्रा का शव मिला। छात्रा सलीमपुर ग्रेंट गांव की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक, छात्रा एक स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी और सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी। उसने बताया कि शुक्रवार को रेलवे पटरी पर छात्रा का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। थाना प्रभारी कूरेभार शारदेंदु दुबे ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और छात्रा के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### किशोरी से सामूहिक बलात्कार के आरोप में तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया, दो अन्य गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र में एक किशोरी से सामूहिक बलात्कार के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी एक फरवरी की रात अपनी बहनों के साथ घर में सो रही थी, तभी गांव के ही रहने वाले पांच लोग तड़के उसका मुंह बंद कर उसे जबरन खेत में ले गए और उनमें से दो लोगों ने उससे कथित रूप से बलात्कार किया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि अगर उसने किसी को घटना के बारे में जानकारी दी तो वे उसके पूरे परिवार को जान से मार देंगे। रसड़ा कोतवाली के प्रभारी रत्नेश सिंह ने बताया कि इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत अपहरण तथा बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज किया गया और शुक्रवार को तीन नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

# महाकुंभ मेले में इस्कॉन के शिविर में आग लगी, कोई हताहत नहीं



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ नगर के सेक्टर-18 में स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के शिविर में शुक्रवार सुबह आग लग गई जिसमें करीब 20 से 22 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया, ''सेक्टर-18 स्थित इस्कॉन के शिविर में सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। तत्काल कदम उठाते हुए दमकल केंद्र से 12 गाड़ियां रवाना की गईं और करीब आधा घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।'' उन्होंने बताया कि 20 से 22 टेंट जलकर खाक हो गए हैं और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि हवा तेज होने के कारण पास के अतुलेश्वर धाम और देवी संपत्ति के कुछ शिविर भी आग की चपेट में आ गए। शर्मा ने बताया कि इस्कॉन के शिविर में हर टेंट में एसी, ब्लोअर और हीटर लगे थे, संभवतः शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी। उन्होंने बताया कि हालांकि, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। महाकुंभ में इस्कॉन का शिविर अदाणी समूह के सहयोग से वृहद स्तर पर भंडारा संचालित किए जाने के लिए सुर्खियों में है। सेक्टर-19 स्थित इस्कॉन के शिविर में 21 जनवरी को अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी सपरिवार आए थे और भंडारा प्रसाद वितरण में हाथ बंटाया था। इसके अलावा, उन्होंने सपरिवार त्रिवेणी संगम में डुबकी भी लगाई थी। महाकुंभ मेला पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''मेला क्षेत्र के सेक्टर-18 में लगी आग को दमकल विभाग की टीम ने त्वरित कदम उठाते हुए नियंत्रित कर लिया। उपरोक्त घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है न ही कोई घायल हुआ है।'' महाकुंभ में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पूर्व 19 जनवरी को मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में गैस सिलेंडर में लीकेज की वजह से आग लगी थी जिसमें 12 से अधिक शिविर जलकर खाक हो गए थे। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। इसके बाद, 25 जनवरी को महाकुंभ नगर के सेक्टर-दो में एक कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी और इसकी चपेट में एक दूसरी कार भी आकर जल गई थी।

# भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को पुनः जागृत करना होगा: कृष्ण गोपाल




**महाकुंभ नगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह-सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने मौजूदा शिक्षा व्यवस्था को नाकाफ़ी बताते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को पुन: जागृत करने की आवश्यकता है। गोपाल ने कहा, ''हमारी ज्ञान परंपरा में एकांगी शिक्षा नहीं दी जाती थी, परंतु आज संपूर्ण विश्व एकांगी शिक्षा व्यवस्था से ग्रसित है। हमें पुनः भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत करना होगा। भारतीय ज्ञान परंपरा से मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली को समृद्ध करने के उद्देश्य से यहां 'ज्ञान कुंभ' में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल ने कहा, ''मानो मोटी फ़ीस ही आज की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य रह गया है। हमें ऐसी कुरीतियों से दूर रहने की आवश्यकता है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित ज्ञान कुंभ में इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी पी सिंह ने कहा, ''आध्यात्मिक विद्या सभी विद्याओं में सर्वश्रेष्ठ है। भारतीय ज्ञान परंपरा में अध्यात्म और शिक्षा का अद्भुत मिश्रण रहा है और हमें इस परंपरा पर एक बार फिर से बल देना होगा। कार्यक्रम में भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ''2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने में निजी शैक्षणिक संस्थाओं का अहम योगदान होगा। आज तमाम संस्थाएं ऐसी हैं जो निजी होने के बावजूद कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं।''

# पंजाब, हरियाणा में पुलिस ने निर्वासितों की शिकायत पर कुछ ट्रैवल एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया



**अमृतसर/करनाल :** पंजाब और हरियाणा में पुलिस ने कुछ 'ट्रैवल एजेंट' के खिलाफ उन अवैध भारतीय प्रवासियों को धोखा देने के आरोप में मामले दर्ज किए हैं, जिन्हें कुछ दिन पहले अमेरिका ने निर्वासित कर दिया गया था। निर्वासित किए गए लोगों में से कई ने आरोप लगाया है कि 'ट्रैवल एजेंट' ने उन्हें धोखा दिया और उन्हें अवैध मार्गों से अमेरिका ले गए।अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने दलेर सिंह नामक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने को लेकर 'ट्रैवल एजेंट' सतनाम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया। दलेर सिंह उन 104 अवैध भारतीय प्रवासियों में शामिल हैं, जिन्हें बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों ने वापस भेजा था। हरियाणा पुलिस ने निर्वासित व्यक्तियों या उनके परिवार के सदस्यों की शिकायतों पर धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में तीन 'ट्रैवल एजेंट' के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अमेरिकी सैन्य विमान से बुधवार को अमृतसर पहुंचे 104 अवैध प्रवासियों में से हरियाणा और गुजरात से 33-33, पंजाब से 30, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से तीन-तीन तथा चंडीगढ़ से दो व्यक्ति हैं।

# राजस्थान: कैबिनेट मंत्री के फोन टैपिंग मामले पर कांग्रेस का विधानसभा में हंगामा, तीन बार सदन स्थगित

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने मंत्री किरोड़ी लाल मीण के इस आरोप को लेकर हंगामा किया कि उनके फोन कॉल टैप किए जा रहे हैं। इस हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पडी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि मंत्री का फोन टैप किया जा रहा है और मंत्री ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया है। जूली ने कहा, ''मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।'' कांग्रेस विधायक शुक्रवार को सदन में काली पट्टी बांधकर पहुंचे और कथित फोन टैपिंग के मुद्दे को लेकर आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करते रहे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह ''चोरों का समूह'' है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नारेबाजी गलत है। सदन के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायकों से प्रश्नकाल में सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करने को कहा लेकिन कांग्रेस विधायक आसन के समक्ष आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे को देखते हुए विधानसभा की कार्यवाही तीन बार स्थगित की गई। पहली बार प्रश्नकाल के दौरान और दूसरी बार शून्यकाल में कार्यवाही स्थगित की गई। कांग्रेस विधायकों ने जब नारेबाजी जारी रखी तो फिर से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। बाद में कांग्रेस विधायक सदन से बाहर आ गए और विधानसभा की सीढ़ियों पर नारेबाजी करने लगे। जूली ने संवाददाताओं से कहा, ''जब तक मुख्यमंत्री सदन में जवाब नहीं देते, हम सदन की कार्यवाही नहीं होने देंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह बहुत बड़ा मुद्दा है। राज्य के केबिनेट मंत्री का फोन सरकार टैप करा रही है?... इससे अधिक और क्या हो सकता है? सरकार जवाब देने के लिये तैयार नहीं है। हमने कह दिया है कि जब तक इस मामले पर गृहमंत्री या मुख्यमंत्री का जवाब नहीं आयेगा, सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी।'' सदन में राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर बहस का शुक्रवार को आखिरी दिन है। राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष तथा उसके बाद मुख्यमंत्री को अपने विचार रखने थे और उसके लिये चार बजे नेता प्रतिपक्ष का नाम भी पुकारा गया लेकिन हंगामे के कारण कुछ क्षण बाद ही मुख्यमंत्री ने चार बजे अपना भाषण शुरू कर दिया।

## न्यूज अपडेट

### पंजाब पुलिस ने अवैध प्रवास की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया

**चंडीगढ़ :** पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब पुलिस ने अवैध प्रवास और मानव तस्करी के मुद्दे की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एसआईटी अवैध प्रवास या मानव तस्करी में शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी।'' यह घटनाक्रम पंजाब के 30 लोगों सहित 104 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किए जाने के दो दिन बाद सामने आया। निर्वासित किए गए लोगों में से कई ने कहा कि उन्हें ट्रैवल एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था, जो उन्हें 'डंकी रूट' के माध्यम से अमेरिका ले गए थे। 'डंकी रूट' से आशय किसी देश में प्रवेश करने के लिए प्रवासियों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले एक अवैध और जोखिम भरे मार्ग से है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों के निर्वासन से उत्पन्न अवैध मानव तस्करी/अवैध प्रवास के मुद्दे की जांच करने के लिए एडीजीपी (एनआरआई) प्रवीण सिन्हा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति/विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस समिति में एडीजीपी (आंतरिक सुरक्षा)शिव वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक डॉ. एस बूपति और सतिंदर सिंह, बॉर्डर रेंज के महानिरीक्षक सतींद्र सिंह भी शामिल हैं।

### राहुल के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर अदालत ने नोटिस जारी किया: याचिकाकर्ता

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी की एक जिला अदालत ने अमेरिका में कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर उन्हें नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने यह जानकारी दी। याचिकाकर्ता एवं वाराणसी में तिलमापुर के पूर्व ग्राम प्रधान नागेश्वर मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश संजीव पांडे ने 25 फरवरी को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की है। उन्होंने शुक्रवार को बताया कि अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार और गांधी को बृहस्पतिवार को नोटिस जारी कर याचिका पर अपना जवाब देने को कहा।

### रोहतास में 2.89 करोड़ रुपए मूल्य के चोरी के 'गैजेट' जब्त, पांच गिरफ्तार

**सासाराम (बिहार) :** बिहार में रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में एक टोल प्लाजा के समीप पुलिस ने शुक्रवार को महंगे मोबाइल फोन समेत 2.89 करोड़ रुपये मूल्य के चोरी के 'गैजेट' जब्त कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया । पुलिस अधीक्षक (एसपी) रौशन कुमार ने बताया कि ये अपराधी विजयवाड़ा के एक गोदाम से आइफोन, घड़ी और 'ईयरबड' चोरी कर एक कार से पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ये अपराधी चोरी के 271 आइफोन, एप्पल की 12 'स्मार्ट' घड़ियां एवं 35 'इयर बड' लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सामान का मूल्य 2.89 करोड़ रुपए है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से चार उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले के है जबकि एक बिहार के अररिया जिला का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई और जांच की जा रही है।

### वैज्ञानिक आधार पर युवाओं से जनसंख्या असंतुलन दूर करने का आह्वान: विहिप

**महाकुंभ नगर/प्रयागराज :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने जनसंख्या असंतुलन पर एम्स और अन्य संस्थानों के अध्ययनों का हवाला देते हुए शुक्रवार को युवाओं से दो या तीन बच्चे पैदा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विहिप के संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने महाकुंभ नगर में विहिप शिविर में शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय केंद्रीय प्रन्यासी (शासी) मंडल की बैठक के बाद कहा कि एम्स और अन्य संस्थानों ने अध्ययन में पाया है कि परिवार में अगर दो या तीन बच्चे होते हैं तो तभी बच्चों के विकास की अच्छी संभावना होती है और अकेला बच्चा विकास नहीं कर पाता। उन्होंने कहा, इस अध्ययन के आधार पर हमने युवाओं से दो या तीन बच्चे पैदा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। हिंदुओं की जन्म दर 1.9 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि हिंदुओं की जनसंख्या निरंतर घटती जाएगी। यह संख्या घटी तो समाज ही नहीं देश खतरे में पड़ेगा। जैन ने कहा, हमारे परिवार टूट रहे हैं और परिवारों का टूटना, बच्चों और बुजुर्गों के लिए असुरक्षा की स्थिति का निर्माण करते हैं। परिवार ना टूटे, इसके लिए आवश्यक है कि परिवार को हिंदू संस्कारों के आधार पर चलाया जाए।

# बॉलीवुड कलाकारों ने भी संगम में लगाई डुबकी





**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ में शुक्रवार को अभिनेता राजकुमार राव, अभिनेत्री नीना गुप्ता, अभिनेता संजय मिश्रा और फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर समेत बॉलीवुड के कई कलाकारों ने संगम में डुबकी लगाई। राजकुमार राव ने महाकुंभ को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह और उनकी पत्नी पत्रलेखा मां गंगा के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। राव ने कहा, मैं संगम में डुबकी लगाकर दिव्य अनुभूति कर रहा हूं। हम पिछले कुंभ में भी आए थे। पत्रलेखा और मैं मां गंगा के प्रति समर्पित हैं। फिल्म अभिनेत्री नीना गुप्ता ने कहा, मैं वर्षों से कुंभ में आना चाहती थी। यह एक अनोखा अनुभव है। आखिरकार, आज मैंने डुबकी लगा ली। यहां का माहौल अविश्वसनीय है। मैंने अपने जीवन में इससे बड़ा जनसमूह कभी नहीं देखा। मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा ने महाकुंभ के माहौल को अद्भुत बताते हुए कहा, यहां भारी भीड़ है, लेकिन फिर भी सारी व्यवस्थाएं सुचारू हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं। प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने कहा, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं का उद्देश्य सिर्फ स्नान करना नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें संतों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद भी लेना चाहिए। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर ने कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। माहौल में एक अद्भुत और सकारात्मक ऊर्जा है। पूरी दुनिया इस आयोजन को देख रही है। मैंने अब तक कहीं भी ऐसा भव्य मेला नहीं देखा।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री ने पिछली कांग्रेस सरकार पर 'खोखली' योजनाएं बनाने, भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर खोखली योजनाओं की घोषणा करने और भ्रष्टाचार में संलिप्तता का आरोप लगाया। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के फोन टैप करने के आरोप पर सदन में मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से जवाब की मांग कर रहे कांग्रेस विधायकों के हंगामे और नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के बाद मुख्यमंत्री के जवाब के साथ धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ और सदन की कार्यवाही 19 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री के जवाब से पहले सदन को संबोधित नहीं किया, क्योंकि वे सदन के अंदर आसन के समक्ष विपक्ष के विरोध का नेतृत्व कर रहे थे। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस में लोग केवल एक परिवार की बात करते हैं और वे परिवार को भगवान की तरह पूजते हैं। उन्होंने कहा, ''उन्हें दुख है कि विपक्ष के नेता टीकाराम जूली को सदन में बोलने नहीं दिया गया। कांग्रेस ने जूली के साथ वैसा ही व्यवहार किया जैसा कभी भीमराव आंबेडकर के साथ किया गया था।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वंचित समुदाय से संबंध रखने वाले विपक्ष के नेता को बोलने नहीं देने की साजिश रची



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने लगाई संगम में डुबकी

# पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक लोग भाजपा को 2027 में सत्ता से बाहर करेंगे : अखिलेश



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलितों और आदिवासियों को निशाना बनाने का शुक्रवार को आरोप लगाते हुए कहा कि पीडीए समुदाय (पिछड़ा वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक) 2027 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर देगा। अखिलेश ने नोएडा में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा मतदाताओं को दबाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान द्वारा दिए अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा, ''भाजपा सीओ (मंडल अधिकारी) और एसओ (थाना प्रभारी) जैसे पदों पर पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) लोगों की नियुक्ति रोक रही है। पीडीए 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट होगा।'' अखिलेश ने भाजपा पर चुनावों में हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि वहां मृतकों के नाम पर वोट डाले गए और फर्जी मतदान हुआ। उन्होंने निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की और उस पर शिकायतों पर कार्रवाई करने में विफल रहने का आरोप लगाया। यादव ने आर्थिक सुधारों और उन्नति को लेकर भाजपा के दावों की आलोचना करते हुए कहा कि रोजगार के अवसर प्रदान करने में सरकार की विफलता नागरिकों को अवैध रूप से देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है।

# प्रयागराज महाकुंभ नगर में लगेगी सम्राट हर्षवर्धन की विशाल प्रतिमा

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में सम्राट हर्षवर्धन की विशाल प्रतिमा लगाई जाएगी। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने बौद्ध महाकुंभ यात्रा के समापन अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं के समक्ष यह बात कही। इन्द्रेश कुमार ने कहा, ''सम्राट हर्षवर्धन महादानवीर थे। वह प्रत्येक कुंभ में आकर अन्नदान एवं वस्त्रदान करते थे। सम्राट हर्षवर्धन हिंदू थे। विश्व को करुणा एवं मैत्री का संदेश देने के लिए उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया था। संपूर्ण समाज उनके प्रति श्रद्धा का भाव रखता है इसलिए प्रयागराज में उनकी भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी।'' उल्लेखनीय है कि पिछले कुंभ (2019) में प्रयागराज संगम के नजदीक हर्षवर्धन चौराहे पर सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा लगाई गई थी, लेकिन उस स्थान पर नया 'फ्लाईओवर बनने से प्रशासन ने वहां से प्रतिमा हटाकर सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामने चौराहे पर स्थापित कर दी थी। विहिप द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, पहली बार दुनिया के 11 देशों के बौद्ध भिक्षु, भंते एवं लामा बड़ी संख्या में प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे और उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। बयान में कहा गया कि महाकुंभ में आये बौद्ध भिक्षु यहां की व्यवस्था, स्वागत और बौद्ध सनातन के दिव्य-भव्य आयोजन को देखकर अभिभूत दिखे। निर्वासित तिब्बत सरकार की रक्षामंत्री गैरी डोलमा ने कहा, ''प्रयागराज की पावन धरती पर हम सब एक साथ आये हैं। महाकुंभ में हम बौद्ध और सनातनी एक साथ आए हैं और कदम मिलाकर चल रहे हैं। यह बहुत अच्छा लगा।'' म्यांमा से आये भदंत नाग वंशा ने कहा, ''मैं पहली बार महाकुंभ में आया हूं। बौद्ध व सनातन में बहुत ही समानता है। हम लोग विश्व शांति के लिए काम करते हैं। हम भारत और यहां के लोगों को खुश देखना चाहते हैं।'' लाओस से आये भंते वेन वत्थान दामोंग ने कहा, ''हम एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे और दुनिया को अच्छाई का मार्ग दिखा सकेंगे।'' भिक्षु आर्यवंश महाथेरो ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दिया है और इस आयोजन से दुनियाभर में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश दुनिया में जायेगा।

### महाकुंभ भगदड़ में मारे गये लोगों की संख्या छिपा रही सरकार : कांग्रेस

**लखनऊ :** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर पिछले महीने प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ में जान गंवाने वाले और लापता हुए लोगों के सही आंकड़े छिपाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को इसे 'संवेदनहीनता की पराकाष्ठा' करार दिया। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने पर संवाददाताओं से कहा, पिछले महीने अव्यवस्था के कारण महाकुंभ में मची भगदड़ के कारण सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई। हजारों लोग घायल हो गये और हजारों लोग लापता हो गये। उत्तर प्रदेश सरकार इतनी संवेदनहीन है कि अब तक लापता लोगों और मृतकों की कोई सही सूची जारी नहीं कर पाई।' उन्होंने कहा, परिजन अपनों को तलाशते हुए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन योगी सरकार है कि सिर्फ अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए सही आंकड़ों को छिपा रही है।

# राजस्थान: 15 करोड़ रुपये का अफीम डोडा चूरा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



**जयपुर :** राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) ने एक संयुक्त अभियान में एक ट्रक कंटेनर से करीब 7003 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अफीम डोडा चूरा एक प्रकार का मादक पदार्थ है। पुलिस ने बताया दौसा जिले के मानपुर थाना व जिला पुलिस (डीएसटी) ने जयपुर आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीकरी मोड़ के पास नाकाबंदी में एक ट्रक कंटेनर से करीब 7003 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त किया। पुलिस के अनुसार, जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है। एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने एक बयान में बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं, जो झारखंड के रांची से चावल परिवहन के बिल एवं बिल्टी की आड़ में अवैध मादक पदार्थ की जोधपुर में तस्करी करने आ रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस से बचने के लिए तस्करों ने अपने वाहनों पर 'ऑन आर्मी ड्यूटी' का स्टीकर लगा रखा था ताकि उन्हें कोई ना रोके। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आरोपी हेमराज उर्फ बबलू (47), सोनू निशाद (35) और मनोज सिंह (32) को गिरफ्तार किया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार दो लोगों को मिली जमानत

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या करने की बिश्नोई गिरोह की कथित साजिश के सिलसिले में पिछले साल गिरफ्तार किए गए दो लोगों को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एन आर बोरकर ने गौरव भाटिया उर्फ संदीप बिश्नोई और वासपी महमूद खान की जमानत याचिका मंजूर कर ली। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। नवी मुंबई पुलिस ने पिछले साल आरोप लगाया था कि इन दोनों लोगों और अन्य आरोपियों ने मुंबई के पास पनवेल में सलमान खान के फार्महाउस और बांद्रा स्थित उनके घर के आसपास के इलाके और उन कुछ जगहों की रेकी की थी जहां सलमान फिल्म शूटिंग के लिए गए थे। इसके बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 18 सदस्यों के खिलाफ अभिनेता की हत्या की साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया।

### 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ठेका खेती की अनुमति दी गई: केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद को सूचित किया कि देश में लगभग 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ठेका खेती के लिए अनुमति दी है। कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया, ''कृषि और कृषि विपणन राज्य का विषय है। 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने एपीएमसी (कृषि उपज बाजार समिति) अधिनियमों में ठेका खेती के लिए सक्षम प्रावधान किए हैं।'' उन्होंने कहा कि ठेका खेती-प्रायोजक कंपनियों के पंजीकरण, अनुबंध खेती समझौतों की 'रिकॉर्डिंग' और किसानों की भूमि की क्षतिपूर्ति के लिए संस्थागत व्यवस्था प्रदान करती है।

### संसद की निर्धारित संख्या में बैठकें अनिवार्य रूप से बुलाये जाने के लिए दो निजी विधेयक रास में पेश

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक सदस्य ने संसद के दोनों सदनों की निर्धारित संख्या में बैठकें अनिवार्य कराये जाने के लिए दो अलग अलग विधेयक पेश किए। उच्च सदन में शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद गैर सरकारी कामकाज के तहत तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने संविधान (संशोधन) विधेयक 2024 (अनुच्छेद 85 का संशोधन) पेश करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों की एक वर्ष में अनिवार्य रूप से 100 बैठकें करायी जानी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 85 में राष्ट्रपति को संसद के दोनों सदनों को आहूत करने, लोकसभा को भंग करने आदि के अधिकार दिये गये हैं। डेरेक ने दो अन्य निजी विधेयक भी पेश किए। इनमें भारतीय न्याय संहिता (संशोधन) विधेयक 2024 तथा डिजिटल साक्षरता का अधिकार विधेयक 2024 भी पेश किया।

### लालू के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन मामला : अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान का आदेश टाला



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से जुड़े नौकरी के बदले जमीन 'घोटाले' में सीबीआई के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का आदेश शुक्रवार को 17 फरवरी तक के लिए टाल दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने अंतिम रिपोर्ट पर संघीय एजेंसी से स्पष्टीकरण मांगते हुए मामले को स्थगित कर दिया। तीस जनवरी को सीबीआई ने अदालत को सूचित किया कि उसने लोक सेवक आर के महाजन सहित सभी आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला रेलवे में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्तियां 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान की गई थीं। आरोप है कि इन नियुक्तियों के बदले में राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े उपहार में दिए गए।

# देशभर में 14 करोड़ से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर के लिए जांच की गई: नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में 14.6 करोड़ से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर के लिए जांच की गई है और 57,184 में इस बीमारी का पता चला है जिनमें से 50,612 का इलाज चल रहा है। राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि नौ करोड़ से अधिक महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए जांच की गई है, जिनमें से 96,747 में इस बीमारी का पता चला है और 86,196 का इलाज चल रहा है। गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच और प्रबंधन तथा स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर सहित पांच सामान्य एनसीडी बीमारी की देखभाल के लिए एनपी-एनसीडी के तहत सरकार द्वारा 2018 में राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल शुरू किया गया था। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसे प्रमुख गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा 2010 में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) शुरू किया गया



था, जिसमें बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और उचित स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफरल पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

### आयुष्मान भारत के तहत अस्पतालों में भर्ती को लेकर 1.19 लाख करोड़ रुपये को मंजूरी दी गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि बीते एक जनवरी तक आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत अस्पतालों में भर्ती के 8.9 करोड़ मामलों में कुल 1.9 लाख करोड़ रुपये को मंजूरी दी गई। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। नड्डा ने कहा कि इस योजना के कार्यान्वयन में विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी की रोकथाम और पता लगाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

### यूरिया की देश में कोई किल्लत नहीं, कुछ लोग मुनाफाखोरी के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं

मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि देश में यूरिया खाद की कोई किल्लत नहीं है और कुछ लोग मुनाफाखोरी के लिए इसके दामों को प्रभावित कर परेशानी पैदा कर रहे हैं। नड्डा ने लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि जन प्रतिनिधियों को और राज्य सरकार को इस तरह के तत्वों पर कार्रवाई करने में मदद करनी चाहिए।

# रतन टाटा के नाम पर पुरस्कार समारोह आयोजित न करें: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक पत्रकार को निर्देश दिया कि वह 'रतन टाटा नेशनल आइकॉन अवार्ड' के नाम पर कोई पुरस्कार समारोह आयोजित न करे और न ही 'टाटा' व 'टाटा ट्रस्ट' ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करे। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने यह आदेश दिल्ली टुडे समूह के संस्थापक रजत श्रीवास्तव द्वारा रतन टाटा के नाम का इस्तेमाल न करने और रतन टाटा के नाम से पुरस्कार समारोह आयोजित करने से परहेज करने पर सहमति जताने के बाद पारित किया। न्यायालय ने कहा, अदालत मानती है कि टाटा एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे। उनका नाम ही संरक्षित किए जाने योग्य है।'' अदालत ने श्रीवास्तव से एक हलफनामा दायर करने को कहा और मामले की सुनवाई 12 फरवरी के लिए निर्धारित की। अदालत 'सर रतन टाटा ट्रस्ट' और 'टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर एक मुकदमे की सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रतिवादियों को पंजीकृत ट्रेडमार्क 'टाटा और टाटा ट्रस्ट्स' का अनधिकृत रूप से इस्तेमाल करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। कंपनियों ने अपनी प्रतिष्ठा और साख को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए दो करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना भी मांगा है। अदालत ने यह भी कहा कि प्रतिवादी, रतन टाटा और टाटा ट्रस्ट से संबंधित लोगो और चित्रों का उपयोग नहीं कर सकता। शिकायतकर्ता ने 'आनंद एंड आनंद लॉ फर्म' के माध्यम से मुकदमा दायर किया और उनका प्रतिनिधित्व प्रवीण आनंद और अच्युतन श्रीकुमार ने किया।

## न्यायपालिका तक पहुंच को 'हथियार' बनाया जा रहा है: धनखड़

**बेंगलुरु :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका तक पहुंच को इस तरह से 'हथियार' बनाया गया है, जो दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं हो रहा है। देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, ''सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे मजबूत लोकतंत्र, सबसे प्रगतिशील लोकतंत्र और सबसे जीवंत लोकतंत्र वाले देश में - और संवैधानिक रूप से दुनिया का एकमात्र देश जिसमें हर स्तर पर लोकतांत्रिक प्रणाली है, चाहे वह गांव हो, शहर हो, राज्य हो या राष्ट्र हो - हमारी चुनावी प्रक्रिया को इस तरह से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो नहीं होना चाहिए।'' वह हावेरी जिले के



राणेबेन्नूर में आयोजित कर्नाटक वैभव साहित्य एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। धनखड़ ने कहा कि विभाजनकारी ताकतें अलग-अलग तरीकों से काम करती हैं। धनखड़ ने कहा, ''इन ताकतों ने नये-नये रास्ते अपनाए हैं और बहुत से मुद्दों पर आप देखेंगे कि वे न्यायपालिका की शरण में जाते हैं।''

## विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप की जांच के सिलसिले में एसीबी ने केजरीवाल को नोटिस दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को कानूनी नोटिस भेजकर उनके उन आरोपों के बारे में विवरण और सबूत मांगे, जिनमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों से पहले उनकी पार्टी के उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त का प्रयास किया। शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाने से एक दिन पहले यह नोटिस दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को उस समय राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई, जब एसीबी की एक टीम अरविंद केजरीवाल के 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर



पहुंची। इससे एक दिन पहले ही केजरीवाल ने भाजपा पर आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पूर्व पार्टी के 16 उम्मीदवारों को खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आप उम्मीदवारों को पाला बदलने पर भाजपा की ओर से मंत्री पद और 15-15 करोड़ रुपये मिलने का प्रस्ताव मिला है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान हुआ था और नतीजे शनिवार को घोषित किए जाएंगे।

## न्यूज अपडेट

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी: 38 मरीजों को पूरी तरह ठीक होने के बाद छुट्टी दी गयी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में रहस्यमय बीमारी के कारण बीमार पड़े और विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए 38 मरीजों को पूरी तरह ठीक होने के उपरांत छुट्टी दे दी गयी है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। मुख्य सचिव अटल डुल्लो की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को पुलिसकर्मियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की एक बैठक में यह जानकारी दी गयी कि वर्तमान में राजौरी में 60 परिवारों के 363 लोग विभिन्न सुविधाओं के साथ पृथक-वास में रखे गये हैं। इस रहस्यमय बीमारी ने सात दिसंबर से 19 जनवरी के बीच बधाल में तीन परिवारों के 17 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य सचिव सैयद आबिद राशिद शाह ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा, बीमारी के लक्षण वाले 55 व्यक्तियों में से 38 को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है।''

### ईडी ने 2,000 करोड़ रुपये के फेमा मामले में इरोस इंटरनेशनल पर छापा मारा

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,000 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा कानून उल्लंघन मामले की जांच के तहत हाल में प्रमुख मनोरंजन कंपनी इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड और इससे संबद्ध कुछ कंपनियों के खिलाफ छापेमारी की। जांच एजेंसी ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पांच फरवरी को मुंबई में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। प्रतिक्रिया के लिए कंपनी से संपर्क नहीं हो पाया। ईडी ने एक बयान में कहा कि ये तलाशी इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड और इरोस समूह की अन्य कंपनियों द्वारा कोष के हेरफेर के मामले में जारी जांच का हिस्सा है। विदेशी कंपनियों, अचल संपत्तियों, विदेशी बैंक खातों और डिजिटल उपकरणों से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि जांच इरोस समूह और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की जांच के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कथित तौर पर वित्तीय गलतबयानी और लगभग 2,000 करोड़ रुपये के कोष के ''हस्तांतरण/गबन'' का आरोप लगाया गया था। इरोस समूह की मुख्य इकाई इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड है, जो एक भारतीय फिल्म निर्माण और वितरण कंपनी है।




**दिल्ली से बीकानेर के लिए पहली उड़ान के प्रथम बोर्डिंग यात्री श्रीमती प्रमिला मिन्नी एवं श्री प्रेम जैन को दिल्ली हवाई अड्डे पर श्री अर्जुन राम मेघवाल (केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री एवं बीकानेर सांसद) एवं श्री मुरलीधर मोहोल (न्याय राज्य मंत्री) द्वारा विशेष रूप से बोर्डिंग पास प्रदान किया गया।**

### मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष बढ़ाने को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) के कार्यकाल को तीन और साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कहा कि इस विस्तार का कुल वित्तीय बोझ लगभग 50.91 करोड़ रुपये पड़ेगा। आयोग का वर्तमान कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होना था और इसे 31 मार्च 2028 तक बढ़ा दिया गया है। सरकार ने एक बयान में कहा कि इससे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में मदद मिलेगी, सफाई क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार आएगा और जोखिम की स्थिति वाले स्थानों पर सफाई के दौरान सफाईकर्मी की मृत्यु न होने देने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

## अमेरिकी अधिकारियों के पास 487 संभावित भारतीयों के लिए 'अंतिम निष्कासन आदेश': विदेश सचिव



**नयी दिल्ली :** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया है कि उन्हें 487 संभावित भारतीय नागरिकों के लिए ''अंतिम निष्कासन आदेश'' दिए गए हैं और 298 व्यक्तियों के संबंध में पहचान संबंधी विवरण नयी दिल्ली को उपलब्ध करा दिये गए हैं।

**हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को वापस भेजने पर भारत ने कहा, इससे बचा जा सकता था**

### भारतीयों को अवैध रूप से अमेरिका भेजने वाले एजेंटों के 'जटिल नेटवर्क' की जांच कर रही ईडी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कनाडाई कॉलेजों में ''फर्जी'' दाखिले के जरिए भारतीयों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने में मदद करने वाले भारत, कनाडा और अमेरिका में एजेंटों तथा मददगारों के ''जटिल नेटवर्क'' की जांच कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव की यह टिप्पणी, अमेरिका द्वारा हाल में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस (भारत) भेजे जाने पर मचे हंगामे के बीच आई है। इस संबंध में नयी दिल्ली द्वारा औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराये जाने के बारे में पूछे जाने पर मिस्री ने कहा, ''हां, हम इस मुद्दे पर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने इस मामले पर उनके समक्ष अपनी चिंता दर्ज कराई है।''

## भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक हुई

**लखनऊ :** भारत-नेपाल सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सीमा पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के लखनऊ सीमांत मुख्यालय में शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में बताया गया कि शुक्रवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने की, जिसमें विभिन्न राज्यों और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें सीमा प्रबंधन सचिव डॉ. राजेंद्र कुमार, सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव मिहिर कुमार, एसएसबी के पटना सीमांत के महानिरीक्षक नय्यर हसनैन ख़ान, एसएसबी के लखनऊ सीमांत के महानिरीक्षक रत्न संजय और एसएसबी के रानीखेत सीमांत के महानिरीक्षक अमित कुमार शामिल हुए। चर्चा में प्रमुख सीमा सुरक्षा चुनौतियों और भारत-नेपाल सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## विशाखापट्टनम में साउथ कोस्ट रेलवे जोन के तहत विभागीय क्षेत्राधिकार में बड़ा संशोधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में साउथ कोस्ट रेलवे जोन के तहत विभागीय क्षेत्राधिकार में संशोधन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत वाल्टेयर डिवीजन को संरक्षित किया जाएगा, हालांकि यह अब संकुचित रूप में रहेगा और इसका नाम बदलकर विशाखापट्टनम डिवीजन रखा जाएगा। कैबिनेट ने 28 फरवरी 2019 के अपने पहले निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए वॉल्टेयर डिवीजन को संकुचित रूप में रखने की स्वीकृति दी। इसमें वॉल्टेयर डिवीजन के कुछ हिस्से, जिनमें पालासा, विशाखापट्टनम-दुर्वाड़ा, कुनेरू-विशाखापट्टनम, नोआपाड़ा जंक्शन-परलखेमुंडी, बब्बिली जंक्शन- सालूर, सिम्हाचलम नॉर्थ- दुर्वाड़ा बाइपास, वदाला-पुडी- दुर्वाड़ा और विशाखापट्टनम स्टील प्लांट-जगयापालम (लगभग 410 किमी) शामिल हैं, साउथ कोस्ट रेलवे के तहत वाल्टेयर डिवीजन के रूप में संरक्षित किया जाएगा। इसे विशाखापट्टनम डिवीजन के नाम से पुर्ननामित किया जाएगा क्योंकि वॉल्टेयर नाम उपनिवेशी धरोहर है, जिसे बदलने की आवश्यकता है।

## सुविधा शुल्क, लेन-देन शुल्क के कारण ऑनलाइन टिकट काउंटर टिकट से महंगे पड़ते हैं: अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि सुविधा शुल्क और लेन-देन शुल्क के कारण आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को रेलवे काउंटरों पर लाइन में लगकर टिकट खरीदने वालों की तुलना में अधिक भुगतान करना पड़ता है। भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) टिकट की कीमत में विसंगतियों के संबंध में शिवसेना के संजय राउत द्वारा पूछे गये सवाल के लिखित जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ''आईआरसीटीसी ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा प्रदान करने पर काफी खर्च करता है और टिकट बुनियादी ढांचे के



रखरखाव, उन्नयन और विस्तार में होने वाले खर्च को चुकाने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा सुविधा शुल्क लगाया जाता है।'' वैष्णव ने कहा, ''इसके अलावा, ग्राहक बैंकों को लेनदेन शुल्क का भुगतान भी करते हैं।'' राउत उन कारणों को जानना चाहते थे कि आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को रेलवे काउंटरों पर खड़े होकर टिकट खरीदने वालों की तुलना में अधिक भुगतान क्यों करना पड़ता है। वैष्णव ने कहा कि आईआरसीटीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा भारतीय रेलवे की सबसे यात्री अनुकूल पहलों में से एक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आरक्षित टिकटों में से 80 प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन बुक किए जाते हैं। उन्होंने कहा, ''आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन आरक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान की है, जिससे यात्रियों को टिकट बुक करने के लिए आरक्षण काउंटर पर जाने की परेशानी से राहत मिलती है और इससे यात्रा के समय और परिवहन लागत में भी बचत होती है।''

# घरेलू हिंसा के मामलों में परिजनों को विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक रूप से नहीं घसीटा जा सकता: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने घरेलू हिंसा के मामलों से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक रूप से नहीं घसीटा जा सकता। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में भावनाएं बहुत अधिक होती हैं और परिवार के उन अन्य सदस्यों को फंसाने की प्रवृत्ति हो सकती है, जो शिकायतकर्ता को बचाने के लिए आगे नहीं आते या उत्पीड़न की किसी कथित घटना के दौरान मूकदर्शक बने रहते हैं। न्यायालय ने कहा, ''घरेलू हिंसा से



संबंधित आपराधिक मामलों में, जहां तक संभव हो, परिवार के प्रत्येक सदस्य के खिलाफ शिकायतें और आरोप विशिष्ट होने चाहिए, जो ऐसे अपराधों के आरोपी हैं और जिनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अन्यथा, परिवार के सभी सदस्यों को मनमाने तरीके से मामले में घसीटे जाने से कठोर आपराधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकता है।'' शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उस फैसले में की, जिसमें एक परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी गई। संबंधित मामले में एक महिला ने अपने सास-ससुर के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी घरेलू हिंसा का मुकदमा दायर किया था। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मुख्य आरोपी के दो करीबी रिश्तेदारों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा कि जब रिश्ते खराब हो जाते हैं, तो आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की प्रवृत्ति भी होती है, जिसका यह मतलब नहीं है कि ऐसे घरेलू विवादों को अपराध का रंग दे दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, ''ऐसी स्थितियां हो सकती हैं, जहां परिवार के कुछ सदस्य या रिश्तेदार पीड़ित के साथ की गई हिंसा या उत्पीड़न को नजरअंदाज कर सकते हैं और पीड़िता की मदद नहीं कर सकते हैं, जिसका यह मतलब नहीं है कि वे भी घरेलू हिंसा में शामिल रहे हैं, जब तक कि परिस्थितियां स्पष्ट रूप से उनकी संलिप्तता और उकसावे का संकेत न दें।'' इसने कहा कि बिना कोई विशिष्ट आरोप लगाए ऐसे सभी रिश्तेदारों को फंसाना और उन पर अपराध का आरोप लगाना तथा प्रथम दृष्टया साक्ष्य के बिना उनके खिलाफ कार्यवाही करना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

## वंदे भारत के यात्री टिकट बुकिंग के दौरान विकल्प नहीं चुनने पर भी ट्रेन में खरीद सकेंगे खाना: रेलवे

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन के यात्री टिकट बुकिंग के दौरान यदि भोजन का कोई विकल्प नहीं चुनते हैं, तो वे रेलगाड़ी में भी इसे खरीद सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार को भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम(आईआरसीटीसी) अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को जारी एक परिपत्र में कहा, ''वंदे भारत रेलगाड़ियों में 'करेंट बुकिंग' (चार्ट बनने के बाद और ट्रेन रवाना होने से पहले होने वाली) और (भोजन का) विकल्प नहीं चुनने वाले यात्रियों को विकल्प और पर्याप्त खानपान सुविधाएं मुहैया कराने के लिए इन ट्रेनों में भोज्य पदार्थों की बिक्री और सेवा आईआरसीटीसी द्वारा फिर से बहाल की जा सकती है।'' परिपत्र में कहा गया है, ''करेंट



बुकिंग और (भोजन का) विकल्प न चुनने वाले यात्रियों के लिए पका हुआ भोजन (यदि उपलब्ध हो) का विकल्प बहाल किया जा सकता है, जो 'रेडी टू इट' भोजन के विकल्प के अतिरिक्त होगा।'' रेलवे अधिकारियों ने कहा कि काफी संख्या में यात्री अक्सर शिकायत करते थे कि आईआरसीटीसी कर्मचारी उन्हें भोजन मुहैया नहीं कराते हैं, भले ही वे भुगतान करना चाहते हों। इसका कारण, यह बताया जाता था कि टिकट बुकिंग के दौरान उन्होंने यह विकल्प नहीं चुना था। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ''अक्सर ऐसा होता है कि आप बुकिंग के समय 'प्रीपेड' भोजन का विकल्प नहीं चुनते हैं, लेकिन यात्रा के दौरान ऐसी परिस्थितियां आती हैं कि आप भोजन खरीदना चाहते हैं। इन मामलों में, आईआरसीटीसी कर्मचारी ऐसे यात्रियों के भुगतान करने के बाद भी इसे देने से मना कर देता है।'' उन्होंने कहा, ''अब नीतिगत तौर पर हमने तय किया है कि जिन यात्रियों ने 'प्रीपेड' भोजन का विकल्प नहीं चुना है, वे भी ट्रेन में गुणवत्तापूर्ण भोजन खरीद सकते हैं।''

## न्यूज ब्रीफ

### मुझे विश्वास है कि मैं भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकती हूं: सोनम

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही। भारत प्रो लीग में जर्मनी, नीदरलैंड, इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगा। हरियाणा की रहने वाली सोनम ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'जब मेरे परिवार ने (राष्ट्रीय शिविर बुलाए जाने की) खबर सुनी तो उन्हें बहुत खुशी हुई। मुझे अच्छा लग रहा है और मेरा मानना है कि मैं भारत की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हूं।'

### अदिति फाउंडर्स कप के शुरुआती दौर के बाद संयुक्त 72वें स्थान पर

**ब्राडेंटन (फ्लोरिडा) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर सत्र के शुरुआती टूर्नामेंट फाउंडर्स कप के पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला। अदिति इस निराशाजनक शुरुआत के बाद संयुक्त रूप से 72वें पायदान पर है। अदिति के लिए शुरुआती नौ होल का खेल ज्यादा निराशाजनक रहा। उन्होंने इस दौरान दो बोगी और एक डबल बोगी के मुकाबले एक बर्डी लगायी। इस भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी के नौ होल में अच्छी वापसी की। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे दौर में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# कोहली की चोट गंभीर नहीं, दूसरे वनडे में वापसी करेंगे: गिल

**कटक :** भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वापसी करेगा। कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। नागपुर में पहले



वनडे में 87 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, 'उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।' शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।' गिल वन डे में पारी की शुरुआत करते रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं इसलिए मुझे बहुत अधिक सामंजस्य नहीं बिठाना नहीं पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना बेहद चुनौती पूर्ण होता है क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खेलना होता है।' गिल ने कहा, 'अगर टीम ने जल्दी विकेट खो दिया हो तो फिर आपको संभल कर बल्लेबाजी करने होती है। अगर टीम को अच्छी शुरुआत मिली हो तो आपको उसे आगे बढ़ाना होता है। मैं मैच की स्थिति के अनुसार खेलता हूं।'

### गुकेश ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में तीन ड्रॉ और एक हार से शुरुआत की

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम दौरे में अपने अभियान की शुरुआत तीन ड्रॉ और एक हार के साथ की जिससे संकेत मिलता है कि वह धीरे-धीरे नए प्रारूप के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के व्यवसायी जान हेनरिक ब्यूटनर के दिमाग की उपज फ्रीस्टाइल शतरंज प्रतियोगिता दुनिया की शीर्ष शतरंज संस्था फिडे के साथ टकराव के बावजूद पेशेवर शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक स्थायी टूर्नामेंट हो सकता है।अब तक के सबसे युवा विश्व चैंपियन गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ ड्रॉ लेकर इस प्रारूप में शुरूआत की और दूसरी बाजी में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से हार गए। तीसरे और चौथे दौर में भारतीय दिग्गज ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव के साथ ड्रॉ खेला।

## न्यूज अपडेट

### फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को निलंबित किया

**कराची :** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने अपने संविधान में संशोधन करने में विफल रहने के बाद पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) को निलंबित कर दिया है। विश्व निकाय ने कहा कि पाकिस्तान तब तक निलंबित रहेगा जब तक पीएफएफ कांग्रेस अपने संविधान में आवश्यक संशोधन नहीं कर लेती। पाकिस्तान में जून 2019 से एक समिति फुटबॉल का संचालन कर रही थी जिसे फीफा ने नियुक्त किया था। इस समिति को चुनाव कराने और देश के फुटबॉल ढांचे में आवश्यक बदलाव करने का काम सौंपा गया था लेकिन वह इसमें नाकाम रही। समिति के अध्यक्ष हारून मलिक ने इस सप्ताह के शुरू में एक संसदीय पैनल को चेतावनी दी थी कि 15 फरवरी उनके कार्यकाल का आखिरी दिन होगा और अगर पाकिस्तान ने संवैधानिक संशोधनों को लागू नहीं किया तो उसे निलंबन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। यह 2017 के बाद तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को निलंबित किया गया।

### झारखंड, ओडिशा, असम, पश्चिम बंगाल की महिला लॉन बॉल पेयर्स स्पर्धा के सेमीफाइनल में

**देहरादून :** झारखंड शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की लॉन बॉल स्पर्धा के महिला पेयर्स सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा जहां उसका सामना ओडिशा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में असम के सामने पश्चिम बंगाल की चुनौती होगी। झारखंड ने शुक्रवार को शुरुआती दौर में पश्चिम बंगाल को 19-11 और फिर दिल्ली को 17-11 से हराया। उत्तराखंड ने अपने पहले मैच में दिल्ली को 15-6 जबकि दूसरे मैच मे उसे पश्चिम बंगाल ने 15-8 से मात दी। असम ने ओडिशा को 14-13 से हराया, जबकि बिहार ने मणिपुर को 18-15 से हराया। इसके बाद असम ने बिहार को 27-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि ओडिशा ने मणिपुर को 30-12 के अंतर से हराया। महिलाओं की ट्रिपल प्रतियोगिता में शनिवार को सेमीफाइनल में दिल्ली का मुकाबला बिहार से और झारखंड का मुकाबला पश्चिम बंगाल से होगा। पुरुष की फोर्स प्रतियोगिता में झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 18-7 से हराया, जबकि उत्तराखंड ने ओडिशा को 12-11 से हराया। असम ने दिल्ली पर 15-9 से जीत हासिल की और मणिपुर ने बिहार के खिलाफ करीबी मुकाबले में 16-15 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में झारखंड का मुकाबला मणिपुर से और असम का मुकाबला पश्चिम बंगाल से होगा।

### हरियाणा ने दो स्वर्ण पदक से तीरंदाजी स्पर्धा में दबदबा बनाया

**देहरादून :** हरियाणा ने शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष और महिला इंडियन राउंड टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के यशु, आशीष मलिक, राहुल और रवि ने इंडियन राउंड की तीरंदाजी प्रतियोगिता की पुरुष टीम स्पर्धा में जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश के शुभम, मनीष, जयदीप कुशवाहा और अभिषेक ने रजत पदक जीता जबकि महाराष्ट्र के गौरव संजयराव चंदाने, रोशन नारायण सोलंकी, अनिकेत महेंद्र गावड़े और पवन सदनराव जाधव ने कांस्य पदक जीता। महिला टीम स्पर्धा में हरियाणा ने अपना दबदबा जारी रखा जिसमें निकिता, दिव्या, मोनिका और काजल ने स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर की लाईफ्राकपम रोजिना देवी, मोइरांगथेम बेबी देवी, मिलेनिया थोकचोम और हेइक्रुजम रोशिना देवी ने रजत पदक हासिल किया। छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू, सुलोचना राज, सुशीला नेताम और हर्षिता साहू की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश के तीरंदाज मनीष ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके राज्य के साथी शुभम को रजत पदक मिला।

## राष्ट्रीय खेलों में मुक्केबाजी: लवलीना ने जीता स्वर्ण

### थापा को रजत से करना पड़ा संतोष

**देहरादून :** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों मेंशुक्रवार को यहां महिलाओं की 75 किग्रा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि छह बार के एशियाई चैंपियन शिव थापा ने पुरुषों के 63.5 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही असम की लवलीना ने तीनों दौर में चंडीगढ़ की युवा प्रतिद्वंद्वी प्रांशु राठौड़ पर एकतरफा 5-0 की जीत दर्ज की। थापा को पुरुषों के लाइट वेल्टरवेट (63.5 किग्रा) वर्ग के फाइनल में निराशा का सामना करना पड़ा। उन्हें सेना खेल संवर्धन बोर्ड के मुक्केबाज वंशज से करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता सेना की जैस्मिन लम्बोरिया ने महिलाओं की 60 किग्रा स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप की



कांस्य विजेता हरियाणा की मनीषा मौन पर 5-0 से जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। सेना के लिए एक और स्वर्ण पदक साक्षी ने जीता। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की विनाक्षी को 5-0 से हराया। दिन के अन्य मुकाबलों में सेना के मंडेंगबाम सिंह ने पुरुषों के फ्लाईवेट (51 किग्रा) वर्ग में चंडीगढ़ के अंशुल पूनिया को 4-1 खंडित फैसले से हराया।

## स्मिथ का 36वां टेस्ट शतक, ऑस्ट्रेलिया के स्टंप तक तीन विकेट पर 330 रन

**गॉल (श्रीलंका) :** ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ के 36वें शतक और एलेक्स कैरी के साथ नाबाद 239 रन की साझेदारी से शुक्रवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 330 रन बना लिए। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह 73 रन की बढ़त बना ली है और उसके अभी सात विकेट बाकी है जिससे मेहमान टीम ने दबदबा बनाया हुआ है। स्मिथ ने 239 गेंद में नाबाद 120 रन की पारी और कैरी ने 156 गेंद में नाबाद 139 रन बनाकर श्रीलंकाई गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाईं। यह श्रृंखला में स्मिथ का दूसरा शतक है जबकि कैरी ने शानदार तरीके से अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने 37 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद स्मिथ और उस्मान ख्वाजा (36 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 54 रन की अहम साझेदारी निभाई। दो मैच की श्रृंखला के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत में दोहरा



शतक जड़ने वाले ख्वाजा स्पिन के खिलाफ मजबूत दिख रहे थे। लेकिन ऑफ स्पिनर निशान पेरिस (70 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में वह पगबाधा आउट हो गए। स्मिथ तब 24 रन पर थे, उन्हें पगबाधा करार किया गया लेकिन रिव्यू में फैसला उनके पक्ष में रहा। इसके बाद उन्होंने श्रीलंकाई गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। कैरी को पांचवें नंबर पर उतारा गया और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने मौके का फायदा उठाते हुए अपनी पारी में अब तक 13 चौके और दो छक्के जड़ दिए हैं जबकि स्मिथ की संयमित पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा है। इससे पहले श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 257 रन पर सिमट गई।



### इन्फोसिस ने 300 से अधिक नए कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नयी दिल्ली : सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी इन्फोसिस ने 300 से अधिक नए लोगों (पहली बार नौकरी करने वाले-फ्रेशर्स) को नौकरी से निकाल दिया है। सूत्रों के अनुसार, इन कर्मचारियों ने कंपनी के मैसुरु परिसर में शुरुआती प्रशिक्षण लिया था, लेकिन तीन प्रयासों के बाद भी वे आंतरिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण नहीं हो पाए। हालांकि, आईटी कर्मचारी यूनियन एनआईटीईएस ने कहा कि इस कदम से प्रभावित होने वाले नए कर्मचारियों की संख्या बहुत अधिक है। यूनियन ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के समक्ष आधिकारिक शिकायत दर्ज कर कंपनी के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की मांग करने की धमकी दी है।

### रुपया निचले स्तर से उबरा, 15 पैसे की बढ़त के साथ 87.44 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के बाद शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद भाव से 15 पैसे चढ़कर 87.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया। मई 2020 के बाद यह पहली कटौती थी और करीब ढाई साल के बाद पहली बार इसमें बदलाव किया गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.57 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने डॉलर के मुकाबले 87.33 के उच्च स्तर तथा 87.57 के निचले स्तर को छुआ। रुपया अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.44 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की वृद्धि दर्शाता है।

# विनिमय दर नीति स्थिर, रुपये के लिए कोई लक्ष्य नहीं : आरबीआई गवर्नर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि विनिमय दर नीति पिछले कई वर्षों से एक समान रही है और केंद्रीय बैंक ने रुपये के लिए किसी 'विशिष्ट स्तर या दायरे' का लक्ष्य नहीं बनाया है। रुपये की विनिमय दर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.59 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गई है। रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे टूटकर 87.59 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा, 'मैं यहां यह बताना चाहूंगा कि रिजर्व बैंक की विनिमय दर नीति



पिछले कई वर्षों से एक समान रही है। हमारा उद्देश्य बाजार की कार्यकुशलता से समझौता किए बिना, व्यवस्था व स्थिरता बनाए रखना है।' उन्होंने कहा, 'विदेशी मुद्रा बाजार में हमारा हस्तक्षेप किसी विशिष्ट विनिमय दर स्तर या दायरे को लक्षित करने के बजाय अत्यधिक तथा विघटनकारी अस्थिरता को कम करने पर केंद्रित है। भारतीय रुपये की विनिमय दर बाजार तत्वों द्वारा निर्धारित होती है।' रुपये में इस साल अबतक करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई है। छह नवंबर, 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से डॉलर के मुकाबले रुपये में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि इसी अवधि में डॉलर सूचकांक में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### देश निश्चित रूप से सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत निश्चित रूप से सात प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है और देश को इसे हासिल करने की आकांक्षा करनी चाहिए। रिजर्व बैंक ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 6.4 प्रतिशत से अधिक है।

### एलआईसी का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 11,056 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 11,056 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का मुनाफा 9,444 करोड़ रुपये रहा था। एलआईसी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध प्रीमियम आय घटकर 1,06,891 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,17,017 करोड़ रुपये थी। कंपनी की कुल आय भी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 2,01,994 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,12,447 करोड़ रुपये थी।

## शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 198 अंक फिसला

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा से स्थानीय शेयर बाजार निष्प्रभावी रहे और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 198 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी में 43 अंक का नुकसान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 197.97 अंक यानी 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 582.42 अंक गिरकर 77,475.74 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 43.40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,559.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी के शेयर में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। दरअसल,



दिसंबर तिमाही के लिए कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 7.27 प्रतिशत की गिरावट आने से निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा स्टील के शेयर में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई।

## अदाणी के छोटे बेटे की शादी संपन्न, दस हजार करोड़ रुपये दान करने की घोषणा

**अहमदाबाद :** अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के छोटे बेटे जीत शुक्रवार को अपनी मंगेतर दिवा शाह के साथ एक निजी पारंपरिक समारोह में शादी के बंधन में बंध गए। शादी के समारोह में उनके दोस्तों और परिवार के लोगों का एक छोटा समूह ही मौजूद था। गौतम अदाणी ने इस वैवाहिक समारोह को साधारण ढंग से संपन्न कराने को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास में बुनियादी ढांचे के निर्माण सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए 10,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की। सूत्रों ने कहा कि यहां शांतिग्राम में जैन परंपरा के अनुरूप की गई शादी के लिए बहुत कम संख्या में परिवार और दोस्तों को आमंत्रित किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, शादी में किसी भी मशहूर हस्ती को आमंत्रित नहीं किया गया था। अदाणी शनिवार को कर्मचारियों के लिए एक भोज का आयोजन करेंगे। अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सर्वशक्तिमान ईश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज शादी के पवित्र बंधन में बंध गए।' उन्होंने कहा, 'यह एक छोटा और बेहद निजी समारोह था। इसलिए हम चाहते हुए भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके, जिसके लिए मैं माफी चाहता हूं।' उन्होंने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नवविवाहित जोड़े के लिए आशीर्वाद और प्यार मांगा। अदाणी के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 10,000 करोड़ रुपये दान करने का वादा किया है। यह राशि किफायती विश्वस्तरीय अस्पतालों और विद्यालयों के साथ ही कौशल विकास पर खर्च की जाएगी। इसके जरिये रोजगार के अवसर तैयार करने पर भी जोर होगा। एशिया के दूसरे सबसे धनी व्यक्ति गौतम अदाणी के दो बेटे हैं। पहले बेटे करण की शादी परिधि से हुई है जो वकील और सिरिल अमरचंद मंगलदास की पार्टनर हैं। वहीं दूसरी बहू दिवा एक हीरा व्यापारी की बेटी है।

## नया आयकर कानून: कोई नया कर नहीं, आम आदमी के लिए पढ़ने-समझने में आसान

**नयी दिल्ली :** छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेने वाला नया आयकर विधेयक प्रत्यक्ष कर कानूनों को पढ़ने-समझने में आसान बनाएगा, अस्पष्टता दूर करेगा और मुकदमेबाजी को कम करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि विधेयक को बजट सत्र में संसद में पेश किया जाएगा और इसे आगे की समीक्षा के लिए वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय पहले ही संकेत दे चुके हैं कि नये विधेयक में प्रावधान और स्पष्टीकरण या लंबे वाक्य नहीं होंगे। यह कर तटस्थ होगा। इस विधेयक को लाने के पीछे सरकार का इरादा क्या है और करदाताओं के लिए नये कानून के मायने क्या हैं, इसका स्पष्टीकरण इस तरह है: **सवाल:** आयकर कानून की समीक्षा क्यों जरूरी है? **जवाब:** आयकर कानून लगभग 60 साल पहले 1961 में बनाया गया था और तब से समाज में, लोगों के पैसे कमाने के तरीके




और कंपनियों के कारोबार करने के तरीके में बहुत सारे बदलाव हुए हैं। समय के साथ आयकर अधिनियम में संशोधन किए गए। देश के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने में तकनीकी प्रगति और बदलावों को देखते हुए, पुराने आयकर अधिनियम को पूरी तरह से बदलने की सख्त जरूरत है। **सवाल:** वित्त मंत्री ने क्या घोषणा की? **जवाब:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई, 2024 को अपने बजट भाषण में छह महीने के भीतर आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी। उन्होंने एक फरवरी, 2025 को अपने 2025-26 के बजट भाषण में कहा कि इस विधेयक को चालू बजट सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। **सवाल:** नये आयकर अधिनियम में क्या करने का प्रस्ताव है? **जवाब:** नये कानून के अधिक संक्षिप्त और सरल होने की उम्मीद है, जिसे एक आम आदमी भी समझ सके। सरकार का इरादा इसके आकार को आधा करना और भाषा को सरल बनाना है। इससे मुकदमेबाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित कर मांगों में कमी आएगी। **सवाल:** नया कानून कैसे सरल होगा? **उत्तर:** आयकर अधिनियम, 1961 प्रत्यक्ष करों - व्यक्तिगत आयकर, कॉरपोरेट कर, प्रतिभूति लेनदेन कर, उपहार और संपत्ति कर के अलावा अन्य करों को लागू करने से संबंधित है। इस समय अधिनियम में लगभग 298 धाराएं और 23 अध्याय हैं। समय के साथ, सरकार ने संपत्ति कर, उपहार कर, फ्रिंज बेनिफिट कर और बैंकिंग नकद लेनदेन कर सहित विभिन्न शुल्कों को समाप्त कर दिया है। नया अधिनियम उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे कर विशेषज्ञों की सहायता के बिना समझ सकें। **सवाल:** क्या इसका मतलब आम आदमी पर अधिक कर का बोझ होगा? **जवाब:** पूरी संभावना है कि यह पूरी प्रक्रिया राजस्व तटस्थ तरीके से की जाएगी। इसका उद्देश्य भाषा और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। नए आयकर कानून में आयकर दरों में बदलाव की संभावना नहीं है, क्योंकि यह आमतौर पर वित्त अधिनियम के माध्यम से किया जाता है। **सवाल:** क्या सरकार ने पहले भी नया आयकर कानून लाने के लिए कोई प्रयास किया है? **जवाब:** वर्ष 2010 में 'प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक, 2010' संसद में पेश किया गया था। इसे जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, 2014 में सरकार बदलने के कारण विधेयक निरस्त हो गया।

### बैंक यूनियनों का 24 मार्च से दो दिन की हड़ताल का आह्वान

**नयी दिल्ली :** बैंक यूनियनों ने पांच दिन के कार्य सप्ताह और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती समेत विभिन्न मांगों को लेकर 24 मार्च से दो दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। नौ बैंक कर्मचारी संघों के संयुक्त संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) द्वारा आहूत हड़ताल का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में कर्मचारी/अधिकारी निदेशकों के पदों को भरना भी है। यूएफबीयू ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उचित चर्चा और विचार-विमर्श के बाद 24 और 25 मार्च, 2025 को लगातार दो दिन की हड़ताल के साथ एक आंदोलन कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, यूएफबीयू ने प्रदर्शन समीक्षा और प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहनों पर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है, जो 'नौकरी की सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हैं और कर्मचारियों के बीच विभाजन पैदा करते हैं।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4143 अंक 293, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in